23 अगस्त, 2025
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 303

बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है : मोदी



# विधानसभा में गुरुजी, हरिनारायण सिंह और रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि

## ■ शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की भी मांग उठी ■ सदन में 4296 करोड़ रुपये का पहला अनुपूरक बजट पेश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन दिशोम गुरु शिबू सोरेन, 'आजाद सिपाही' अखबार के वरिष्ठ संपादक हरिनारायण सिंह और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अपने वक्तव्य में तीनों दिवंगत लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव, राजद विधायक दल नेता जनार्दन पासवान जदयू के सरयू राय, आजसू से निर्मल महतो समेत अन्य सदस्यों ने श्रद्धांजलि दी। प्रदीप यादव ने श्रद्धांजलि के दौरान दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की मांग रखी। जिसका सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने मेज थपथमाकर सहमति जतायी। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 4296 करोड़ 62 लाख रुपये का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित






कर दी गयी। यह सत्र 28 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में कुल चार कार्य दिवस होंगे। शनिवार और रविवार के अवकाश रहेगा। बताते चलें कि इससे पूर्व 26 जुलाई से झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू हुआ था, लेकिन सत्र के बीच 4 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन हो गया था। इस कारण सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद शुक्रवार से फिर सत्र की कार्यवाही शुरू हुई है।

## गुरुजी को भारत रत्न देने पर विचार किया जायेगा : हेमंत



रांची (आजाद सिपाही)। सदन में दिशोम गुरु को भारत रत्न देने की मांग उठी है। इस मुद्दे पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सदन की भावना है। राज्य की जनता के भाव को सदस्यों ने सदन में रखा है। वह चाहते हैं कि गुरुजी को भारत रत्न मिले। सदन इस पर विचार करेगा।

## गुरुजी समाज सुधारक, हरिजी निर्भीक पत्रकार थे : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन एक समाज सुधारक थे। आदिवासी समाज के अंदर व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए दिशोम गुरु ने आजीवन संघर्ष किया। नशाबंदी पर उनका इतना जोर था कि वे आदिवासी समाज में दिशोम गुरु के नाम से प्रसिद्ध हो गये। कोल्हान से रामदास सोरेन जो शिक्षा मंत्री थे और उनकी भी शालीनता और उनके भी संघर्षशीलता हम सब जानते हैं। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार हरि नारायण जी एक पत्रकार के साथ-साथ समाज के हर लोगों के लिए सिपहसलार के रूप में थे। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि हर नेताओं से हर लोगों से वह मिलते रहे, हर लोगों से बात करते रहें और समाज के लिए मार्गदर्शन करते रहे। जब हिंदुस्तान और प्रभात खबर जैसे अखबार छोड़ा, तो उन्होंने आजाद सिपाही दैनिक अखबार को प्रारंभ किया। उन्होंने कभी भी कलम से समझौता नहीं किया। निर्भीक होकर उन्होंने हर विषय को रखा। उसमें कभी भी उन्होंने भय और पक्षपात रहित होकर के काम करते रहे।

## गुरुजी के संघर्ष की लंबी गाथा, हरिजी में झारखंड के विकास की सोच : प्रदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने गुरुजी के सम्मान में भारत रत्न देने तथा उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि केवल पंक्ति और वाक्य में गुरुजी के बारे में नहीं कहा जा सकता है। उनके संघर्ष और संघर्ष के परिणाम एक लंबी गाथा है। आपने देखा होगा, हम सबों ने अनुभव किया कि जिस दिन आपके मुखारविंद से उनकी घोषणा हुई केवल झारखंड ही नहीं पूरे देश के लोग बिल्कुल मर्माहत थे। एक ऐसा वातावरण पहली बार कई वर्षों के बाद देखने को मिला। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई की चिंगारी की धमक दिल्ली की सत्ता के गलियारों तक पहुंची। उसके परिणाम भी सामने हैं। रामदास सोरेन जी के साथ काम करने का मौका मिला देखने में जितने सरल थे, लेकिन प्रश्नों का उत्तर उतने ही गुढ़ता से देते थे। जिनमें उनकी गहराई दिखती थी। झारखंड के प्रति उनके लगाव भी दिखते थे यह उनका समर्पण था झारखंड के प्रति उनके खोने से भी हम सब मर्माहत हैं। वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह जी के बारे में मुझे याद है मैं जब मंत्री हुआ करता था तो वह आते थे और सुझाव देते थे। हम सबों को कहा करते थे कि भाई राज्य के लिए बेहतर करो। राज्य की अभी नयी राजनीति शुरू हुई है बहुत काम करना है। वह अच्छे व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। केवल पत्रकार ही नहीं झारखंड के बारे में सोचते रहते थे कि झारखंड की बेहतरीन के लिए क्या हम कर सकते हैं। लोगों के भले के लिए अपने सुझाव को देते रहते थे, भले लोग माने या न माने।

## गुरुजी बहुआयामी प्रतिभा के धनी और हरिजी का सामाजिक व्यक्तित्व : सरयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जदयू नेता सरयू राय ने कहा कि शिबू सोरेन बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने समाज सुधार को अपना केंद्र बिंदु बनाया। उन्होंने 1972 में झामुमो की स्थापना की तथा देहावसान तक उनके द्वारा किये गये कार्य अविस्मरणीय है।

शिबू सोरेने के व्यक्तित्व को राष्ट्रीय क्षितिज पर लाने तथा उनके बताये मार्गों पर चलने का प्रयास होना चाहिए। रामदास सोरेन जितने सरल थे, उतने ही निर्णय लेने में कठोर भी थे। इस राज्य के लोगों के लिए भी बहुत बड़ी सीख देने वाला था। जब वह विधायक नहीं थे, तब से निजी संबंध रहा है। आसपास के परिवेश को प्रभावित करते थे। वहीं, हरिनारायण सिंह जी सिर्फ पत्रकार ही नहीं थे। एक सामाजिक व्यक्तित्व थे। ऐसे दर्जनों लोग हैं, जो रांची में उनके साथ निजी संबंध रहे हैं। चाहे वह नेता के रूप हो, किसी भी दल का हो, उसके प्रति समभाव रखते हुए उनका मार्गदर्शन भी करते थे। वहीं, पत्रकार के नाते निष्पक्षता भी बरकरार रखते थे।

## बिहार वोटर वेरिफिकेशनः सुप्रीम कोर्ट बोला, आधार भी मान्य

● हटाये गये मतदाता नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन भी आवेदन दे सकेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना/नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बिहार में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआइआर) पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह हटाये गये मतदाताओं को सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए व्यक्तिगत के अलावा ऑनलाइन आवेदन की अनुमति भी दे।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि आधार कार्ड समेत फॉर्म 6 में दिये गये 11 दस्तावेज में से कोई भी जमा किया जा सकता है। इनमें ड्राइविंग लाइसेंस, पासबुक, पानी का बिल जैसे दस्तावेज शामिल हैं। कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों को मामले पर चुप्पी साधने के लिए भी फटकार लगायी। कोर्ट ने पूछा कि मतदाताओं की मदद के लिए आप क्या कर रहे हैं? आपको आगे आना चाहिए। अगली सुनवाई 8 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि राजनीतिक दलों की निष्क्रियता हैरान करने वाली है। राज्य की 12 राजनीतिक पार्टियों में से यहां मात्र तीन पार्टियां ही कोर्ट में आयी हैं। मतदाताओं की मदद के लिए आप क्या कर रहे हैं।

## देश से घुसपैठियों को निकाल कर रहेंगे : मोदी



● बेगूसराय में छह लेन के गंगा पुल का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गंगा नदी पर बने छह लेन के औंटा-सिमरिया पुल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री पुल पर घूमे। उन्होंने अपने गले से गमछा निकाला और हाथ से घुमाकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। ब्रिज के नीचे बने घाट पर प्रधानमंत्री के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। प्रधानमंत्री करीब 37 मिनट तक ब्रिज पर रुके। इससे पहले गयाजी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13000 करोड़ की योजनाओं की शुरुआत की। मगध यूनिवर्सिटी के कैंपस में अपने 34 मिनट के भाषण में उन्होंने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधा। सरकार की उपलब्धियां गिनायी। आतंकवाद और घुसपैठ पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम घुसपैठियों को देश से निकालकर रहेंगे। इन्हें आपके हक पर डाका नहीं डालने देंगे। कांग्रेस-राजद घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। पहले जेल में बैठकर लोग फाइलों पर साइन करते थे। हम ऐसा बिल लेकर आये हैं, जिसके दायरे में प्रधानमंत्री भी है।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

Where dreams BECOME REALITY
BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
RECOGNITION & AFFILIATION
JHARKHAND GOVERNMENT | UNIVERSITY GRANTS COMMISSION GRANTS | DENTAL COUNCIL OF INDIA (DCI) | PHARMACY COUNCIL OF INDIA (PCI) | NATIONAL COMMISSION FOR HOMOEOPATHY | NATIONAL COUNCIL FOR TEACHER EDU. | ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDU. | BAR COUNCIL OF INDIA (BCI) | PARAMEDICAL COUNCIL OF JHARKHAND
Merit Based Scholarship | Additional 5% Fee Waiver For Girls | Seats are Limited
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
CAREER-ORIENTED PG/UG/DIPLOMA PROGRAMMES
Faculty of Eng. & Tech.
B.Tech
Civil Engineering
Electrical and Electronic Eng.
Computer Science & Eng.
CSE (Artificial Intelligence)
CSE (Cyber Security)
Polytechmic / Diploma
Civil Engineering
Mechanical Eng.
Electrical and Electronic Eng.
Computer Science & Eng.
Electrical Engineering
Faculty of Management
Bachelor of Business Administration (BBA)
Master of Business Administration (MBA)
Faculty of Information Tech.
Bachelor of Computer Application (BCA)
Master of Computer Application (MCA)
Post Graduation in Computer Application (PGDCA)
Faculty of Law
LL.B. B.A. LL.B. B.B.A. LL.B
Faculty of Pharmacy
Diploma in Pharmacy (D.Pharm)
Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)
Faculty of Science
B.Sc. (Mathematics) B.Sc. (Chemistry) B.Sc. (Physics)
B.Sc. (Botany) B.Sc. (MLT) B.Sc. (Zoology)
B.Sc. (Pathology) B.Sc. (Biochemisty) B.Sc. (Microbiology)
M.Sc. (Mathematics) M.Sc. (Chemistry) M.Sc. (Physics)
M.Sc. (Botany) M.Sc. (Zoology) M.Sc. (Physiology)
M.Sc. (Biochemisty) M.Sc. (MLT) M.Sc (Microbiology)
Faculty of Nursing & Allied Health Science
Bachelor of Science in Nursing (B.Sc. Nursing)
General Nursing and Midwifery (GNM)
Auxiliary Nurse Midwives (ANM)
Faculty of Dental Science
Bachelor of Dental Surgery (BDS)
Master of Dental Surgery (MDS)
Faculty of Homoeopathy
Bachelor of Homeopathic Medicine & Surgery- BHMS
M.D Homeopathy B.Sc Medical Pathology
B.Sc Medical Biochemistry B.Sc Medical Microbiology
M.Sc Medical Microbiology
M.Sc Medical Biochemistry
Faculty of Education
Bachelor of Elementary Education (B.Ed)
Diploma of Elementary Education (D.El.Ed.)
M.A (Education)
Faculty of Arts & Social Science
B.A (HIndi) B.A (English) B.A (Sanskrit)
B.A (Economics) B.A (Psychology)
B.A (Sociology) M.A (HIndi) M.A (English)
M.A (Sanskrit) M.A (Economics)
M.A (Psychology M.A (Sociology)
Faculty of Commerce
B.Com M.Com
Library Science
B.Lib.I.Sc. M.Lib.I.Sc
Paramedical
OT DMLT ECG X-RAY
Medical in Sanitary Inspector
Medical in Ophthalmic Assistant
Medical in Certificate in Dresser
Dinesh Prasad Singh, Chancellor
Prof. (Dr.) M.K. Singh, Vice-Chancellor
Excellent Placement Record
BEST PRIVATE UNIVERSITY IN JHARKHAND | 10000+ BOOKS AVAILABLE IN LIBRARY | 150+ QUALIFIED, EXP. & MOTIVATED FACULTY | 150+ ACRE CAMPUS
300+ RESIDES IN BOYS & GIRLS HOSTEL | 1500+ REGISTERED ALUMNI | LABS WITH MODERN TOOLS & EQUIPMENTS | RAGGING FREE CAMPUS
Visit us at : www.bdsu.ac.in I www.vananchaltrust.org
TRANSPORT FACILITIES | HOSTEL FACILITIES | LUSH GREEN CAMPUS | WI-FI CAMPUS | WORLD CLASS INFRASTRUCTURE | 100% PLACEMENT ASSISTANCE
Farathiya, Garhwa-822114, Jharkhand
Admission Helpline: 9661462506, 6206297213, 9934688493

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय
संबद्धता संख्या-3420006, विद्यालय संख्या-69558
नेतरहाट विद्यालय
झारखंड राज्य का लब्ध प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय कक्षा 6 में नामांकन (सिर्फ बालकों) के लिए नि:शुल्क आवेदन आमंत्रित करता है। 1954 में स्थापित प्रकृति की गोद में बसा यह आवासीय विद्यालय प्राचीन गुरुकुल परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली का अद्भुत संगम है। यहां उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रों में स्वावलंबन एवं उच्च नैतिक मूल्यों के उत्थान के साथ सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है।
आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ : 25.07.2025
आवेदन की अंतिम तिथि : 31.08.2025
प्रवेश पत्र उपलब्ध : 25.09.2025 से
प्रवेश परीक्षा की तिथि : 12.10.2025 (रविवार)
आवश्यक योग्यताएँ/शर्तें :
(क) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
(ख) 01 अगस्त 2025 को अभ्यर्थी की उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो।
(ग) अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त बोर्ड (JAC, CBSE, ICSE) से संबद्ध विद्यालय से कक्षा-5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
सामान्य निर्देश :
● लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी।
● प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यत: पाँचवीं कक्षा तक का होगा।
● आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है।
● प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर उपलब्ध है
नेतरहाट प्रवेश परीक्षा संबंधी किसी भी प्रश्न/तकनीकी सहायता के लिए कृपया संपर्क करें :
6201750193, 7545900666
(सभी कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक)

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# राजनीतिक भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ है संविधान संशोधन विधेयक

## ■ मोदी सरकार ने संविधान संशोधन विधेयक लाकर उठाया साहसिक कदम

## ■ इमानदार, समानतापूर्ण और आदर्श व्यवस्था समाज के लिए है जरूरी

**गंभीर आपराधिक आरोपों में घिरे नेता, चाहे वह प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री ही क्यों न हो, की गिरफ्तारी या हिरासत के बाद एक निश्चित अवधि बीत जाने पर हटाने की व्यवस्था वाले विधेयक को जब केंद्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत किया, तो जरूरत से ज्यादा हंगामा और विरोध समझ में नहीं आया। इस तरह इमानदार, अपराधमुक्त राजनीति और चरित्रसंपन्न-पवित्र राजनेताओं की पैरवी वाले विधेयक पर हंगामा लोकतंत्र की गरिमा को आहत करता है। गृह मंत्री अमित शाह ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार भी कर लिया। इसके बाद अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसी इमानदार, समानतापूर्ण और आदर्श व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे नेताओं के गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिये जाने पर उनके लिए पद छोड़ना आवश्यक हो जाये? आखिर इस आदर्श व्यवस्था में समस्या क्या है? क्यों विपक्ष नैतिक और आदर्श राजनीतिक व्यवस्था में अवरोधक बनकर अपने नैतिक चरित्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है? क्या इस विधेयक का असर सत्तापक्ष के नेताओं पर नहीं होगा? संसद का मानसून सत्र समाप्त हो गया है, लेकिन आनेवाले दिनों में सियासी रूप से इस संविधान संशोधन विधेयक पर विमर्श जारी रहेगा। क्या हैं इस विधेयक के मायने और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में यथार्थवादी सियासत को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रवादी स्वभाव की भारतीय जनता पार्टी अक्सर राजनीति की उन दुखती हुई रगों पर ही हाथ डालती आयी है, जो इस सद्भावी देश और समरस समाज को बदलने की कुव्वत रखते हैं। इससे कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों, समाजवादियों और साम्यवादियों की बौखलाहट देखते ही बनती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित भाजपा की दशक भर से ज्यादा देशव्यापी सियासी सफलता का राज भी यही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के मानसून सत्र की समाप्ति से एक दिन पहले एकजुट विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सदन में जो संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, ह्यसंघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 को पेश किया और उसके बाद उनके ही प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का जो निर्णय लिया, वह देश और स्वस्थ समाज की स्थापना की दिशा में एक और बहुत ही उपयोगी पहल है।

### मोदी सरकार का साहसिक कदम है यह विधेयक

दरअसल यह मोदी सरकार का एक ऐसा साहसिक कदम है, जिससे न केवल विपक्ष चारों खाने चित हो जायेगा, बल्कि अपने भ्रष्टाचारी सियासी मिजाज और अपराध को बढ़ावा देने के स्वभाव या फिर उससे आंखें मूंदे रखने के स्वभाव की भारी राजनीतिक कीमत भी उसे चुकानी पड़ेगी। दिलचस्प बात तो यह है कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी आदि ने जिस अदूरदर्शी तरीके से इन तीनों विधेयकों का विरोध किया है, उससे उनकी भी भ्रष्ट और आपराधिक मनोवृत्ति को संरक्षण देने वाली कलई खुल चुकी है। यही वजह है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो टूक लहजे में कहा है कि अब देश की जनता को यह तय करना होगा कि क्या जेल में रह कर किसी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री का सरकार चलाना उचित है अथवा नहीं। बता दें कि इससे पहले गृह मंत्री शाह ने गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार किये गये और लगातार 30 दिन हिरासत में रखे गये प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और



मंत्रियों को पद से हटाने के प्रावधान वाले तीन विधेयक लोकसभा में पेश किये, जिन्हें सदन ने अध्ययन के लिए संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेजने का फैसला किया।

### राजनीतिक शुचिता के लिए जरूरी है यह कानून

दरअसल एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आप को कानून के दायरे में लाने का संविधान संशोधन पेश किया है, तो दूसरी ओर कानून के दायरे से बाहर रहने, जेल से सरकारें चलाने और कुर्सी का मोह न छोड़ने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व में पूरे विपक्ष ने इसका विरोध किया है। इसलिए सजग जनता उनको मुंहतोड़ जवाब देगी। देखा जाये तो दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से जेल में रहकर दिल्ली की सरकार चलायी, उसके दृष्टिगत ऐसा विधेयक लाना केंद्र सरकार के लिए नितांत जरूरी हो गया था। इसलिए सरकार ने पूरी तैयारी के साथ इसे लोकसभा में प्रस्तुत कर दिया।

### क्या है इस विधेयक में

मौजूदा तीनों विधेयक देश में राजनीतिक भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार की प्रतिबद्धता और जनता के आक्रोश को देखकर अमित शाह ने संसद में लोकसभा अध्यक्ष की सहमति से संवैधानिक संशोधन विधेयक पेश किया, ताकि महत्वपूर्ण संवैधानिक पद, जैसे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री जेल में रहते हुए सरकार न चला सकें। दूसरे शब्दों में इस विधेयक का उद्देश्य सार्वजनिक जीवन में गिरते जा रहे नैतिकता के स्तर को ऊपर उठाना और राजनीति में शुचिता लाना है। इन तीनों विधेयक से जो कानून अस्तित्व में आयेगा, वह यह है कि कोई भी व्यक्ति गिरफ्तार होकर जेल से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री के रूप में शासन नहीं चला सकता है। इसलिए शाह ने यह स्पष्ट कहा कि, संविधान जब बना, तब हमारे संविधान निर्माताओं ने यह कल्पना भी नहीं की थी कि भविष्य में ऐसे राजनीतिक व्यक्ति भी आयेंगे, जो गिरफ्तार होने से पहले नैतिक मूल्यों पर इस्तीफा नहीं देंगे। वाकई विगत कुछ वर्षों में, देश में ऐसी आश्चर्यजनक स्थिति उत्पन्न हुई कि मुख्यमंत्री या मंत्री बिना इस्तीफा दिये जेल से अनैतिक रूप से सरकार चलाते रहे। बकौल शाह, इस विधेयक में आरोपी नेता को गिरफ्तारी के 30 दिन के अंदर अदालत से जमानत लेने का प्रावधान भी दिया गया है। अगर वे 30 दिन में जमानत प्राप्त नहीं कर पाते हैं, तो 31वें दिन या तो केंद्र में प्रधानमंत्री और राज्यों में मुख्यमंत्री उन्हें पदों से हटायेंगे, अन्यथा वे स्वयं ही कानूनी रूप से कार्य करने के लिए अयोग्य हो जायेंगे। जबकि कानूनी प्रक्रिया के बाद ऐसे नेता को यदि जमानत मिलेगी, तब वे अपने पद पर पुनः आसीन हो सकते हैं।

शाह ने कांग्रेस को इंगित करते हुए कहा कि देश को वह समय भी याद है, जब इसी महान सदन में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान संशोधन संख्या 39 से प्रधानमंत्री को ऐसा विशेषाधिकार दिया कि प्रधानमंत्री के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती थी। इस प्रकार एक तरफ यह कांग्रेस की कार्य संस्कृति और उनकी नीति है कि वे प्रधानमंत्री को संविधान संशोधन करके कानून से ऊपर करते हैं, जबकि, दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की नीति है कि हम हमारी सरकार के प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों को ही कानून के दायरे में ला रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर इस युगांतरकारी बिल से भाजपा आमलोगों को क्या संदेश देना चाहती है। इसका जवाब यह है कि संसद का मानसून सत्र पूरा होने के महज एक दिन पहले केंद्र की एनडीए सरकार ने लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पेश किया और इसे व्यापक चर्चा के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया। ऐसा इसलिए किया गया, ताकि इस विधेयक के जरिये बीजेपी सिर्फ यह नहीं बताना चाह रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी मोर्चों पर लड़ाई जा रही है, बल्कि राजनीति के अपराधीकरण को लेकर भी एक ठोस संदेश दे रही है। इससे आमलोगों के बीच सकारात्मक संदेश जायेगा। जहां तक राजनीति और नैतिकता की बात है, तो जनप्रतिनिधि होने के नाते यह बहुत जरूरी है। इस बाबत लोगों की सोच है कि संविधान निर्माताओं ने भी यह सोचा होगा कि अपराधी और भ्रष्ट लोगों को राजनीति से दूर रखा जाये, लेकिन तब इसका प्रावधान इसलिए नहीं डाला गया, क्योंकि उस समय राजनीति में नैतिकता थी। आरोप लगने भर से लोग कुर्सी छोड़ देते थे। लेकिन अब स्थिति यह नहीं है। अब लोग जेल से ही सरकार चलाना चाहते हैं। इसलिए कानून के जरिये यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अपराधी और भ्रष्ट लोग सत्ता से दूर रहें। कुल मिलाकर मौजूदा बिल सियासत में व्याप्त व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के खिलाफ है। ऐसा किया जाना राष्ट्रहित और जनहित दोनों में जरूरी है।

---

# वोटर अधिकार यात्रा लोकतंत्र को बचाने के लिए: अनूप सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर (बिहार) में आयोजित ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वोट चोरी से जनता के अधिकारों की रक्षा और लोकतंत्र व संविधान की गरिमा को बनाये रखने के संकल्प के साथ वह इस यात्रा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता का जोश और अपार समर्थन साफ दिखाता है कि यह यात्रा अब केवल एक कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि एक सशक्त ऐतिहासिक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर चुकी है। इस अवसर पर राहुल गांधी, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के तमाम शीर्ष नेता और हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विशेष राज्य की बात करने वालों के मुंह पर लगा तमाचा : मांझी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा-सेकुलर (हम) के नेता और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में इतना ज्यादा काम किया है कि विशेष राज्य के दर्जा की बात करने वालों के मुंह पर तमाचा लगा है। पीएम मोदी बिहार में हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने शुक्रवार को गयाजी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मंच पर मौजूदगी के बीच



एक सरकारी समारोह में मांझी का स्पेशल स्टेटस की बात करने वालों को तमाचा लगने की बात कहना राजनीतिक गलियारों में नयी चर्चा छेड़ सकता है, क्योंकि नीतीश के जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने लंबे समय तक इस मुद्दे पर राजनीति की है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में सबसे पहले भाषण का मौका गयाजी के सांसद और केंद्रीय मंत्री मांझी को मिला। उन्होंने मगध इलाके में प्रचलित बोली मगही में भाषण करते हुए पीएम मोदी के काम की तारीफ की और कहा बिहार के लिए स्पेशल राज्य का दर्जा देने वाली बात करने वाले लोगों के मुंह पर एक तरह से तमाचा लगा है। उससे ज्यादा आज काम हुआ है।

# बिहार में इंजीनियर के घर से 35 लाख मिले

## पत्नी ने 20 लाख के नोट जला दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** आर्थिक अपराध इकाई ने घूसखोर इंजीनियर विनोद कुमार राय पर बड़ी कार्रवाई की है। इंजीनियर के घर से करीब 35 लाख नगद के साथ करोड़ों की जमीन और निवेश के कागजात के साथ लगभग 20 लाख के अधजले नोट बरामद किये गये हैं। छापेमारी टीम के काम में बाधा डालकर इंजीनियर की पत्नी ने करीब 20 लाख के नोट जला दिये थे। इओयू ने विनोद कुमार राय को गिरफ्तार कर लिया है। पत्नी पर भी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। विनोद कुमार सीतामढ़ी डिवीजन में ग्रामीण कार्य विभाग में अधीक्षण अभियंता के पद पर तैनात हैं और उनके पास मधुबनी डिवीजन का भी प्रभार है।

# पीएम के मंच पर दिखे राजद के दो विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गयाजी।** बिहार में चुनावी मौसम के बीच गया जी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के दौरान मंच पर आरजेडी के दो विधायक दिखे, जिसमें नवादा से विधायक रहे राजबल्लभ यादव की पत्नी सह मौजूदा एमएलए विभा देवी और रजौली से राजद विधायक प्रकाशवीर शामिल हैं। इस मंच पर सीएम नीतीश कुमार के अलावा एनडीए के सहयोगी दलों के मंत्री, सांसद, विधायक और नेता मौजूद रहे। इसके बाद से सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गयी है। दोनों विधायकों के जदयू या फिर बीजेपी में शामिल होने के कयास हैं। बता दें नवादा की मौजूद राजद एमएलए विभा देवी जेल से हाल ही में नाबालिग से रेप मामले में रिहा हुए बाहुबली राज बल्लभ



यादव की पत्नी हैं। राजबल्लभ की आरजेडी से दूरी के बाद से हाल ही में नवादा से जेडीयू के पूर्व विधायक रहे कौशल यादव और उनकी पत्नी पूर्णिमा यादव राजद में शामिल हुए थे। तेजस्वी ने दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलायी थी। वहीं इस पूरे मामले पर रजौली से विधायक प्रकाशवीर ने कहा कि पीएम मोदी ने बीते 11 सालों में बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। उन्हें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए न्योता मिला था। प्रकाशवीर ने कहा कि दोनों ने बिहार के विकास के अभूतपूर्व काम किया है।

# बिहार में इस बार बदल जायेगा वोटों का समीकरण: प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार के चुनावों पर धर्म और जातिगत समीकरण हमेशा हावी रहे हैं। चाहे गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा हो या प्रत्याशियों का चयन, राजनीतिक दल हमेशा विधानसभा क्षेत्र विशेष में जाति और धर्म आधारित समुदाय और वोटरों को ध्यान में रखकर फैसले लेते हैं। हालांकि इस बार पूर्व चुनाव रणनीतिकार और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर (पीके) का दावा है कि बिहार के लोग अब जाति और डर के समीकरणों पर नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के मुद्दों पर वोट करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के मैदान में पहली बार अपनी पार्टी के साथ पदार्पण कर रहे प्रशांत किशोर इन दिनों 'बिहार बदलाव यात्रा' निकाल रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा है कि छठ पर्व के बाद बिहार से पलायन रुक जायेगा। उन्होंने जनता से 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को हर महीने दो हजार रुपये पेंशन के रूप में देने का वादा किया है। अपनी यात्रा के दौरान प्रशांत किशोर ने कटिहार जिले के सुजापुर विद्यालय मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को 30 साल के संघर्ष के बाद अब बदलाव चाहिए। लोग अब अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करना चाहते हैं। प्रशांत किशोर ने कहा, तीन दशकों से बिहार के लोग लालू प्रसाद को नीतीश कुमार-भाजपा के डर से वोट दे रहे थे और भाजपा को लालू के डर से। इस



बार लोग अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करना चाहते हैं। प्रशांत किशोर ने लोगों से कई वादे किये। उन्होंने कहा कि छठ पर्व के बाद बिहार से पलायन पूरी तरह से बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि करीब 50 लाख युवा, जो बिहार से बाहर 10 से 12 हजार रुपये की मजदूरी पर काम कर रहे हैं, उन्हें वापस लाया जायेगा और उन्हें राज्य में ही समान स्तर की नौकरियां उपलब्ध करायी जायेंगी। दिसंबर 2025 से 60 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को दो हजार रुपये की मासिक पेंशन दी जायेगी। उन्होंने बिहार में शिक्षा के विषय में कहा कि जब तक सरकारी स्कूलों में सुधार नहीं होता, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चे सरकारी खर्च पर प्राइवेट स्कूलों में पढ़ सकेंगे। इससे गरीब बच्चे भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ सकेंगे। जन सुराज पार्टी के प्रमुख ने लोगों से अपील की कि नेताओं के चेहरे को देखकर नहीं, अपने बच्चों के चेहरे को देखकर वोट करें। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल की दिवाली और छठ बिहार के दुख के आखिरी त्योहार होंगे।

आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बेटों, तेजस्वी और तेज प्रताप के बीच अनबन की खबरों के बारे में सवाल को प्रशांत किशोर ने महत्वहीन बताया। उन्होंने व्यंग्य करते हुए, कहा, लालू यादव के बच्चों के बीच लड़ाई हो या दोस्ती, बिहार के लोगों को इससे कोई मतलब नहीं है। उन्हें स्कूल, कारखाने, उद्योग और बाढ़ राहत चाहिए, पारिवारिक झगड़े नहीं। उन्होंने लोगों से पुराने नेताओं को नकारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उन लोगों को वोट न दें, जो आपको और आपके बच्चों को लूटते हैं, चाहे वह लालू हों, नीतीश हों या पीएम मोदी। इस बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। बिहार में लोगों का शासन स्थापित करें, परिवारों का शासन नहीं। प्रशांत किशोर का कहना है कि बिहार में बदलाव की लहर आ रही है और लोग अब विकास के लिए वोट करने को तैयार हैं। वे बिहार को एक बेहतर राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.6 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.27 बजे |






झारखंड विधानसभा में शुक्रवार को स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को पुष्पगुच्छ देते सीएम हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन।

## स्व. हरिनारायण सिंह को सांसद दीपक प्रकाश ने अर्पित की श्रद्धांजलि



वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर शुक्रवार को राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढाढस बंधाया।

### एनडीए विधायक दल की बैठक : सूर्या हांसदा एनकाउंटर का मामला

# सीबीआइ जांच पर सदन में अड़ेगा एनडीए, बाबूलाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया निर्णय

**मानसून सत्र के दौरान सरकार को घेरने के लिए बनी रणनीति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को विधानसभा के चालू मानसून सत्र में गठबंधन के मुद्दों को लेकर एनडीए विधायक दल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। बैठक में जदयू विधायक सरयू राय,आजसू विधायक निर्मल महतो, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान सहित भाजपा विधायक सीपी सिंह, मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक राज सिन्हा, नागेंद्र महतो, सत्येंद्र तिवारी, आलोक चौरसिया, शशिभूषण मेहता, मनोज यादव, देवेंद्र कुंवर, प्रदीप प्रसाद, रोशनलाल चौधरी, पूर्णिमा दास साहू, मंजू कुमारी और उज्जवल दास शामिल हुए।

बैठक के बाद भाजपा के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने कहा कि झारखंड विधानसभा के छोटे मानसून सत्र में एनडीए गठबंधन राज्य के ज्वलंत और बड़े मुद्दों को जोरशोर से उठायेगा। राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस की बर्बरता,ध्वस्त विधि गठबंधन के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मानना है कि सामाजिक सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़कर जनता की सेवा करने वाले राजनीतिक आदिवासी कार्यकर्ता सूर्या हांसदा का एनकाउंटर पूरी तरह से फर्जी है। परिवार के सदस्यों क्षेत्र की आम जनता की स्पष्ट राय है कि सूर्या हांसदा की साजिशन हत्या हुई है। इसलिए पार्टी इस घटना की सीबीआइ जांच कराने के मांग पर अडिग है, जिसे सदन में उठाया जायेगा।

**झामुमो-कांग्रेस-राजद लोकतंत्र की हत्या कर रहे:** जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र की बात करने वाले झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों की हत्या कर रही है। राज्य की प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। अब राज्य सरकार विश्वविद्यालय संशोधन बिल के माध्यम से विश्वविद्यालय शिक्षा को भी बर्बाद करना चाहती है। राज्य सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए महामहिम राज्यपाल के अधिकारों को समाप्त करने पर जुटी है। कुलपतियों की नियुक्ति अपने अधिकार में लेना चाहती है।

**अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान बर्दाश्त नहीं:** नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का अपमान झारखंड की जनता बर्दाश्त नहीं कर सकती। जिस प्रकार अटल क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा क्लीनिक किया गया है इसका सदन में भाजपा और सहयोगी दल विरोध करेंगे। सरकार चाहे तो मदर टेरेसा के नाम पर कोई और योजना शुरू करे लेकिन अटल क्लीनिक का नाम बदलना पूरी तरह झारखंड निमार्ता श्रद्धेय अटल जी और झारखंड का अपमान है।

**किसानों की समस्या पर सरकार को घेरा जायेगा:** नवीन जायसवाल ने कहा कि आज अतिवृष्टि से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। राज्य में भदई फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। साथ ही आज बड़े पैमाने पर राज्य में यूरिया खाद की कालाबाजारी हो रही। किसानों को महंगे दाम पर यूरिया खरीदने के लिए विवश होना पड़ रहा। एनडीए गठबंधन के विधायक इस विषय को लेकर राज्य सरकार को घेरेंगे।

# लखनऊ में स्व. हरिनारायण सिंह के नाम पर शुरू हुआ सम्मान

**स्वर्गवासी क्षत्रिय पत्रकारों की स्मृति में पुरस्कार दिये जाने की घोषणा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ/रांची।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद क्षत्रिय राजनीति उठान पर है। पिछले दिनों क्षत्रिय विधायकों का जुटान हुआ। अब क्षत्रिय पत्रकारों का सम्मेलन होने जा रहा है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली से भी कई वरिष्ठ पत्रकार शिरकत करने वाले हैं। इनमें प्रमुख नाम वरिष्ठ पत्रकार संतोष भारतीय, रामकृपाल सिंह, यशवंत सिंह आदि का है। इस आयोजन में स्वर्गवासी हो चुके कई क्षत्रिय पत्रकारों की स्मृति में पुरस्कार/सम्मान दिये जाने की घोषणा की गयी है।

बताया जाता है कि लखनऊ का क्षत्रिय पत्रकार सम्मेलन सकारात्मक लक्ष्य को हासिल करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर क्षत्रिय समाज के पढ़े लिखे लोग एकजुट होकर अपने अच्छे बुरे पर चिंतन मनन कर रहे हैं, तो ये स्वागत योग्य कदम है।




ऊर्जस्वी कुलश्रेष्ठ कुटुंब मिलन सहभोज एवं सम्मान समारोह-2025 के नाम से लखनऊ में शनिवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 15 क्षत्रिय पत्रकारों को सम्मानित किया जायेगा। इन पुरस्कारों का नाम स्वर्गवासी क्षत्रिय पत्रकारों के नाम पर किया गया है। स्व. हरिनारायण सिंह के नाम से सम्मान रामकृपाल सिंह को दिया गया है।

### झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक संपन्न

# रिहा हो रहे कैदियों को नया जीवन शुरू करने के लिए करें प्रेरित : हेमंत सोरेन

**कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा किये जाने पर बनी सहमति**

**झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद ने 103 मामलों की गहन समीक्षा की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आयोजित झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 35वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 51 कैदियों को रिहा किये जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित 37 नये मामलों के साथ-साथ 66 वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया जिन्हें झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किया गया था।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी विधि (न्याय) नीरज कुमार श्रीवास्तव, महानिरीक्षक कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं सुदर्शन प्रसाद मंडल, न्यायिक आयुक्त अनिल कुमार मिश्रा, प्रधान प्रोवेशन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 51 कैदियों की रिहाई पर बनी सहमति

बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे कुल 103 कैदियों को कारामुक्त किये जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार-विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई हेतु अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति और न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिये गये मंतव्य की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने रिहाई हेतु अनुशंसित कैदियों की उम्र एवं पारिवारिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति की भी पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों के बीच रिहाई हेतु प्रस्तावित सभी मामलों पर गहन विचारोपरांत कुल 51 कैदियों को रिहा किये जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी।

**470 कैदियों को मिल रहा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ**

बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में सहमति के उपरांत वर्ष 2019 से अबतक राज्य के विभिन्न कारागारों से 619 कैदियों को रिहा किया जा चुका है, जिसमें 558 कैदियों का विभाग द्वारा भौतिक सत्यापन भी किया गया है। 61 बंदियों का भौतिक सत्यापन किया जाना बाकी है। यह भी बताया गया कि वर्ष 2019 से अबतक रिहा हुए 619 में से 470 कैदियों को सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा इ श्रम कार्ड इत्यादि योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया है।

# सूर्या हांसदा का एनकाउंटर फर्जी सीबीआइ जांच हो : जयराम महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेकेएलएम) के विधायक जयराम महतो ने सूर्या हांसदा के एनकाउंटर को फर्जी करार दिया है और उन्होंने इस मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि इस मामले में सीआइडी जांच पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। सूर्या हांसदा के शव की स्थिति और गोली के घाव से साफ है कि उसका फर्जी एनकाउंटर पुलिस ने किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सीबीआइ जांच होनी चाहिए, ताकि सच सामने आ सके। जयराम महतो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि जेकेएलएम इस मांग का समर्थन करता है और उन्हें लगता है कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन इसके लिए उपयुक्त पात्र हैं। पीएम, सीएम पद से स्वतः बर्खास्तगी कानून पर आपत्ति जेकेएलएम सुप्रीमो जयराम महतो ने कहा कि वर्तमान में जो स्थिति देश की है, उसमें 30 दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद स्वतः पीएम, सीएम, मंत्री के पद से बर्खास्त हो जाने वाला कानून ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसका गलत उपयोग होने की पूरी संभावना है।

जयराम महतो ने कहा कि वह एसआइआर का समर्थन करते हैं। लेकिन इसके पीछे का उद्देश्य एक मतदाता का नाम किसी एक ही जगह पर मतदाता सूची में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह नहीं होना चाहिए कि एक ही वोटर का अलग-अलग और कई राज्यों के मतदाता सूची में नाम हो।

# झारखंड में भी विशेष मतदाता पुनरीक्षण की जरूरत : चंपाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने राज्य में विशेष मतदाता पुनरीक्षण की मांग की। चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में डेमोग्राफी चेंज के बाद विशेष मतदाता पुनरीक्षण बहुत जरूरी हो जाता है। उन्होंने बिहार में एसआइआर का विरोध करने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं पर निशाना साधा और कहा कि वहां क्या गड़बड़ हो रहा है कोई नाम कटने वाले 35 लाख लोगों में से 35 गड़बड़ी तो सामने लाकर दिखाये। चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में आदिवासी और मूलवासी के हितों की बात करने वाले, जल जंगल और जमीन को बचाने की लड़ाई लड़ने वाले राजनीतिक और आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हत्या पुलिस ने की है। उन्होंने मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग की है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | निरर्थक भाग-दौड़ अधिक करनी पड़ेगी, आमदनी से खर्च अधिक होगा। |
| वृष | बौद्धिक विकास होगा,रचनात्मक प्रयास सफल होंगे, व्यर्थ की चिंताओं में ध्यान बढ़ेगी। |
| मिथुन | परिश्रम-प्रयत्न से महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। |
| कर्क | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी दूर होगी। |
| सिंह | संकल्पित काम पूरे होंगे, आर्थिक समस्याओं का सहजता से समाधान होगा। |
| कन्या | यात्राएं सफल होंगी, अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी, क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। |
| तुला | नवीन योजनायें सफल होंगी, आर्थिक लाभ के एकाधिक अवसर मिलेंगे। |
| वृश्चिक | रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा मिलेगा, हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल। |
| धनु | विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, रूके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद.धन लाभ के अवसर बनेंगे। |
| कुंभ | कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर, नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | बुद्धि-चतुराई से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान। |






# सहारा इंडिया के जोनल मैनेजर को सीआइडी ने किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सहारा इंडिया समूह द्वारा गरीब निवेशकों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। बोकारो के जोनल मैनेजर सुंदर झा को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले रांची के जोनल मैनेजर संजीव कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार झारखंड के करीब ढाई लाख से अधिक निवेशकों के लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की मैच्योरिटी राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस पर सीआइडी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सीआइडी की जांच में खुलासा हुआ कि सहारा समूह ने न केवल निवेशकों के पैसे का दुरुपयोग किया, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के 2013 के आदेश की अवहेलना भी की। इसके अलावा बोकारो, धनबाद, बेगूसराय और पटना में समूह ने अपनी अचल संपत्तियों को सेबी द्वारा निर्धारित मूल्य से कम दामों पर बेच दिया। मामले में कई और आरोपी सीआइडी की रडार पर हैं।

# प्रदेश भाजपा की जांच टीम ने बाबूलाल को सौंपी रिपोर्ट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में प्रदेश भाजपा की ओर से गठित जांच टीम ने जांच पूरी कर ली है। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में जांच टीम के सदस्यों ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को रिपोर्ट सौंपी। सदस्यों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भानू प्रताप शाही, प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल उपस्थित रहे।

# पारा शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दें : धर्मेंद्र तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड सरकार से मांग की है कि पारा शिक्षकों को तुरंत किसी उपयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना में शामिल किया जाये, उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाये और वेतन, सुरक्षा व सम्मान की गारंटी सुनिश्चित की जाये। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि झारखंड प्रदेश के हजारों सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक), जो वर्षों से सीमित मानदेय पर राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, आज भी शोषण और उपेक्षा के शिकार हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी काम करने के बावजूद इन शिक्षकों की असमय मृत्यु या दुर्घटना में जान जाने पर उनके परिवार को आज तक कोई आर्थिक सहयोग या सुविधा नहीं मिली है। धर्मेंद्र तिवारी ने झारखंड सरकार की संवेदनहीनता की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार ने पारा शिक्षकों को न तो अनुबंध कर्मी माना है और न ही सरकारी कर्मी। उन्होंने कहा कि यह दोहरा रवैया पारा शिक्षकों के साथ अन्याय है और सरकार को इसका जवाब देना होगा।

धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार को बिहार सरकार की नीति से सीख लेनी चाहिए, जिन्होंने बिहार के पारा शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देकर उनका सम्मान सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को भी पारा शिक्षकों के लिए ऐसा ही करना चाहिए। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) इस न्यायपूर्ण लड़ाई में पारा शिक्षकों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी पारा शिक्षकों के अधिकारों के लिए लड़ती रहेगी और उनकी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव बनायेगी।

# पत्रकारों को राष्ट्र प्रथम और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय का ध्यान अवश्य रखना चाहिए : संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चेन्नई।** चेन्नई में साउथ इंडिया जर्नलिस्ट्स यूनियन और भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के संयुक्त तत्वावधान में अयोजित पत्रकारों के राष्ट्रीय सम्मेलन में रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद सजय सेठ शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में देशभर से आये पत्रकारों को सम्मानित किया और रक्षा क्षेत्र की पत्रकारिता, खबरों में संतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि रक्षा से जुड़े विषय बहुत ही संवेदनशील होते हैं, इसलिए ऐसे विषयों की पत्रकारिता में हमें विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए। बिना आधिकारिक पुष्टि के खबरों को जनता के बीच नहीं देना चाहिए। पत्रकार के नाते अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भी राष्ट्र प्रथम और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषय का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। एआइ टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया के जमाने में कई सूचनाएं भ्रम पैदा करने वाली होती हैं। इससे न सिर्फ अपने देश बल्कि वैश्विक स्तर पर भी कई बार खराब छवि होती है। इसलिए ऐसी खबरों के प्रसारण से हमें बचने का भी प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक पांडेय, महासचिव गिरिधर शर्मा, राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्र, तमिलनाडु की अध्यक्ष आर चंद्रिका, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष अरुण सक्सेना, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जायद वाजपेयी, आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष वीरभद्र राव, बिहार के अध्यक्ष अजय कुमार, झारखंड के अध्यक्ष संजय पांडेय, राघवेंद्र मिश्रा, जितेंद्र ज्योतिषी, राकेश मिश्रा भी मौजूद थे।

## संजय सेठ ने सेना के प्रशिक्षण अकादमी का अवलोकन किया



रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ ने चेन्नई स्थित भारतीय सेना के अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी का भ्रमण और अवलोकन किया साथ ही यहां आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि संस्थान की कार्यप्रणाली, अत्याधुनिक सुविधाओं से सज्जित प्रशिक्षण व्यवस्था और पेशेवर मानक बहुत ही सराहनीय हैं। यहां के अधिकारियों के द्वारा कैडेट्स को भारतीय सेना और मित्र विदेशी सेनाओं के भावी नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार किया जाता है।

# श्री श्याम मंदिर में लड्डू गोपाल को भोग अर्पित किया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को प्रातः 11: 30 बजे लड्डू गोपालजी को उनके छठी के अवसर पर भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान आचार्य श्याम सुंदर भारद्वाज ने अपने पूरे परिवार के साथ, जिनमें राधे श्याम भारद्वाज, नटवर लाल भारद्वाज एवं राज कुमार भारद्वाज ने लड्डू गोपालजी को भोग अर्पित किये। भोग में पूरी सब्जी, पूड़ी, बड़ा एवं विभिन्न प्रकार के मिष्ठान लड्डू गोपालजी को अर्पित किया गया। सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं भारद्वाज परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर लड्डू गोपालजी को भोग अर्पित किया। भोग अर्पित कर पठ बंद होने तक तथा पुनः संध्या 4 बजे पठ खुलने पर भक्तों के बीच वितरण किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर जय-जयकार से गूंज उठा। साथ ही श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आये हुए भक्तजनों को शुद्ध पेयजल का वितरण कर रहे थे तथा उनकी चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बनी हुई थी। छठी का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 350 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया।

श्री श्याम मंडल के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद बगड़िया, महेश सारस्वत, अभिषेक डालमिया, नितेश लखोटिया, विकास पाड़िया और अमित जलान का सहयोग रहा।

# झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने जेएसएससी सचिव से मुलाकात की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर छात्रों के नाराजगी बढ़ती जा रही है। छात्र अपनी मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत हैं। इन विषयों को लेकर 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' मुखर हैं। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष व डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो अपने शिष्ट मंडली के साथ शुक्रवार को आयोग पहुंचे। आयोग के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता से विस्तार पूर्वक बातचीत हुआ और जानकारी साझा किया। सचिव को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित समाधान करने का हिदायत दिया। वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि हमारे संगठन युवाओं के मूल समस्या समाधान पर केंद्रित है। छात्रों के समस्या को लेकर हमारा संगठन लगातार कटिबंध है। सचिव को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित समाधान करने का हिदायत दिया। नर्मलाइजेशन फॉमूर्ला, सहायक आचार्य डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद असफल, बायोमेट्रिक मिसमैच, दो वर्षीय बीएड कोर्स इत्यादि समस्या समाधान तथा लेडी सुपरवाइजर, पंचायत सचिव, पीजीटी, जूनियर इंजीनियर अन्य परीक्षाओं के रिक्त पदों का तत्काल अगली सूची जारी करने एवं दरोगा, सिपाही, स्पेशल ब्रांच, एक्साइज कांस्टेबल, वनरक्षी, कक्षपाल इत्यादि परीक्षाओं पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए जारी परीक्षा कैलेंडर पालन करने और नई विज्ञापन जारी करने इत्यादि मामले पर जानकारी दिया गया।

# लोकसभा में नैतिकता बिल पर विपक्ष का हंगामा अनुचित : जेपी पांडेय



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा सत्र के दौरान नैतिकता बिल लाये जाने पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता जय प्रकाश पांडेय ने नैतिकता बिल पर विपक्ष द्वारा हंगामा किये जाने को अनुचित और लोकतंत्र का गाला दबाने के अनुरूप बताया है। वर्तमान में संपूर्ण भारत में जिस तरह से सभी राज्यों में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे स्थिति में इस तरह का बिल लाकर कानून बनाना केंद्र सरकार के लिए सही कदम है। संपूर्ण भाजपा परिवार इस बिल का हार्दिक स्वागत करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस वक्तव्य की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए विपक्ष को लताड़ लगायी है कि उन्होंने पहले ही कह दिया है कि जनता का पैसा नहीं खायेंगे और न ही खाने देंगे। विपक्ष को ऐसे बिल के लिए केंद्र सरकार का स्वागत करना चाहिए।

## कार्यक्रम : दो दिवसीस झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव का शुभारंभ

# कॉरपोरेट कंपनियां सरकार की योजनाओं पर सीएसआर फंड का करें इस्तेमाल: सुजीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** ओड़िशा के राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने कहा कि समाज के उत्थान में कॉरपोरेट वर्ल्ड का भी बड़ा योगदान है। कॉरपोरेट कंपनियां धन और रोजगार दोनों का निर्माण करती हैं। इन कंपनियों के सीएसआर फंड के इस्तेमाल से समाज में एक बड़ा बदलाव आ सकता है। कॉरपोरेट कंपनियां अगर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के साथ समवन्य बनाकर अपने सीएसआर फंड का सही इस्तेमाल करें, तो इसका लाभ अपेक्षित लोगों तक पहुंच सकता है। इससे संसाधनों का अधिकतम उपयोग होगा और जमीनी स्तर पर लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सुजीत कुमार शुक्रवार को स्थानीय होटल में आयोजित दो दिवसीय झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस कॉन्क्लेव का आयोजन मिशन ब्लू फाउंडेशन, आइडिएट इंस्पायर इग्नाइट (आइ 3) फाउंडेशन और पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। कॉन्क्लेव का थीम सीएसआर फॉर सस्टेनेबल ग्रोथः ब्रिजिंग इंपैक्ट एंड इनोवेशन है। विशिष्ट अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि झारखंड में सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। पूर्व सांसद समीर उरांव ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल योजना बना कर करेंगे, तो बेहतर होगा। पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा कि सीएसआर को झारखंड के विकास प्राथमिकताओं से जोड़ना और समाज के सबसे निचले पायदान तक प्रभाव पहुंचना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में योगदा सत्संग के स्वामी कृष्णा दास, सीएमपीडीआइ के सीएसआर हेड संदीप भगत, जेयूटी के वीसी डॉ डीके सिंह ने भी अपने विचार रखे। वहीं कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वाले एनजीओ को अॅवार्ड देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी सत्र में जेएसपीएल के सीएसआर हेड प्रशांत होता, रिटायर्ड आइएस बी उरांव, ट्राइबल पॉलिसी मेकर अजमेरा बॉबी, रिटायर्ड आइपीएस राजकुमार लकड़ा, जैन धर्म गुरु देवेंद्र, एनटीपीसी के प्राजेक्ट डायरेक्टर रविंद्र कुमार समेत अन्य वक्ताओं ने अपने बातों को रखा। डॉ पंकज सोनी ने कहा कि कॉनक्लेव के पांच मुख्य फोकस क्षेत्र रिसर्च और इन्क्यूबेशन, नवाचार और स्टार्टअप्स को सीएसआर से जोड़ना, आदिवासी सामुदायिक विकास, आदिवासी समाज की आजीविका और सशक्तिकरण, खेल एवं कला-संस्कृति, स्थानीय प्रतिभा और परंपरा को बढ़ावा, स्वास्थ्य और शिक्षा गुणवत्तापूर्ण जीवन और शिक्षा तक पहुंच तथा इंडस्ट्री, अकादमिक, गवर्नमेंट इंटरफेस, साझेदारी और नीति संवाद करना है। इस अवसर पर पीएचडी चैंबर के वीसी एसपी अग्रवाल, पद्मश्री मधु मंसूरी, पद्मश्री चामी मुर्मू, पद्मश्री मुंकुद नायक, पद्मश्री जमुना टूडू, पंकज सोनी, राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर, बीएसएनएल के जीएम उमेश प्रसाद साह समेत 500 से अधिक कॉरपोरेट हाउस, एनजीओ, विश्विविद्यालयों के प्रतिनिधिमंडल शामिल थे। शनिवार 23 अगस्त को कॉन्क्लेव का समापन होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू में नयी शिक्षा नीति पर चिंतन



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में अकादमिक काउंसिल की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें नयी शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पर गहन विमर्श और मंथन हुआ। इस बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति सह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा अक्षरशः नयी शिक्षा नीति और यूजीसी द्वारा तय मापदंडों के अनुरूप सिलेबस तैयार करना एक सराहनीय प्रयास और विद्यार्थियों के हित में है। इस बैठक में विश्वविद्यालय के सभी पारंपरिक और वोकेशनल विभागों के विभागाध्यक्षों, समन्वयकों और निदेशकों ने इन मानकों के आधार पर अपने विषय से संबंधित पाठ्यक्रमों के पूर्ण सिलेबस को तैयार किया और वर्तमान सत्र से ही इसके क्रियान्वयन पर अपनी स्वीकृति दी। कुलपति अंजनी कुमार मिश्रा ने कहा कि विशेष तौर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली, स्किल एनहांसमेंट पाठ्यक्रम और सामाजिक जागरूकता के अध्यायों को इस नये पाठ्यक्रम में समाहित कर उन्हें इसी सत्र से स्नातक चार पाठ्यक्रम में लागू करने से इस नयी शिक्षा नीति की सार्थकता होगी। इस बैठक में मास्टर ऑफ सोशल वर्क, अमानत पाठ्यक्रम तथा नामांकन से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी गहन संवाद और विमर्श कर उन्हें आनेवाली अकादमिक काउंसिल की बैठक में और अधिक विस्तृत तौर पर तैयार करने पर बल दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से इस बात पर जोर दिया गया कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की 75 प्रतिशत उपस्थिति को भी सुनिश्चित किया जाये और इसके लिए यूजीसी द्वारा निर्धारित मापदंडों को अपनाया जाये। बैठक में डीएसडब्ल्यू डॉ सर्वोत्तम कुमार, कुलसचिव डॉ धनंजय वासुदेव द्विवेदी, सहित परीक्षा नियंत्रक, सभी संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, निदेशक और समन्वयकों की मौजूदगी रही।

### शहीद बिरसा मुंडा के पोते बुधराम मुंडा ने लोक सेवा समिति की आजीवन सदस्यता ग्रहण की



रांची (आजाद सिपाही)। शहीद बिरसा मुंडा के पोता बुधराम मुंडा ने लोक सेवा समिति की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद खान उपस्थित थे। बुधराम मुंडा अब लोक सेवा समिति के साथ जुड़कर समाज सेवा, झारखंड की संस्कृति, भाषा और जनता के विकास के लिए कार्य करेंगे। समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त की और बुधराम मुंडा को बधाई दी। समिति के सदस्य संगीता सिंहा, डॉ. हरविंदर बीर सिंह, अनीता लिंडा, पूनम कुमारी, मुसर्रत जेबा साबुही, मकसूद आलम, डॉ. हरि उरांव और प्रो. खालिक अहमद ने कहा कि बुधराम मुंडा की सदस्यता से समिति को सामाजिक लक्ष्य पूरा करने में पूरे राज्य में अधिक सहयोग मिलेगा। बुधराम मुंडा को 31 अगस्त को होने वाली 34वीं वर्षगांठ समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। यह आयोजन लोक सेवा समिति के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा और बुधराम मुंडा की सदस्यता को विशेष रूप से सम्मानित करेगा।

### पारस हॉस्पिटल में कल लगेगा निःशुल्क हेल्थ कैंप



रांची (आजाद सिपाही)। पारस हॉस्पिटल एचइसी में 24 अगस्त रविवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक लगेगा। इस कैंप में सभी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों को निःशुल्क ओपीडी परामर्श प्रदान किया जायेगा। निःशुल्क सेवाएं के तहत मरीजों को बीपी, आरबीएस, इसीजी, बीएमडी, पीएफटी आदि की सुविधा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा अन्य डायग्नोस्टिक एवं लैब टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। कैंप का लाभ उठाने के लिए 8080808069 पर पंजीकरण कराना होगा। यह जानकारी पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में कटे होठ एवं कटे तालू का इलाज निःशुल्क किया जाता है। पारस हॉस्पिटल का उद्देश्य है कि आम जनता को समय-समय पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाये और उन्हें प्राथमिक जांच की सुविधाएं दी जायें, जिससे बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सके। पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए पारस हॉस्पिटल हमेशा निःशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन करते रहता है। इसी कड़ी में 24 अगस्त रविवार को निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आम लोग इस हेल्थ कैंप का लाभ उठा सकते हैं।

### जेसीआइ रांची ने नेशनल जेसीआइ स्कॉलरशिप और एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 का किया आयोजन




रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआइ रांची ने 22 अगस्त को शारदा ग्लोबल स्कूल, बुकरू में नेशनल जेसीआइ स्कॉलरशिप व एप्टीट्यूड टेस्ट 2025 का आयोजन किया। इस स्कॉलरशिप परीक्षा में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के 100 से ज्यादा छात्रों ने हिस्सा लिया। इस परीक्षा में उत्तीर्ण अंकों को हासिल करने पर जेसीआइ इंडिया की ओर से विजेता को 1 लाख व उपविजेता को 50 हजार की स्कॉलरशिप दी जायेगी। बच्चों ने इस परीक्षा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का संचालन जेसी अमन पोद्दार व कौशल अग्रवाल ने कुशलता से किया। अध्यक्ष प्रतीक जैन व तरुण अग्रवाल ने बच्चों के उत्साह के लिए उनको भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।





# श्रीकृष्ण की छठी हर्षोल्लास और धूमधाम से मनायी गयी



## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति हरमू की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव आयोजन समिति हरमू के द्वारा राधा कृष्ण गोवर्धन मंदिर साकेत बिहार हरमू में भगवान श्री कृष्ण जी के छठी हार को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण जी के बाल स्वरूप का काजल टिका लगायी। वही 56 भोग के अलावा कढ़ी चावल चढ़ाया गया। इसके उपरांत सभी भक्तों के बीच महाभंडारा का वितरण किया गया। मंदिर साजो-सजा देखने योग्य था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा के सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि पहली गाली पर सिर काटने की शक्ति होने के बाद भी यदि 99 और गाली सुनने का सामर्थ्य है, तो वो श्री कृष्ण हैं। सुदर्शन जैसा शस्त्र होने के बाद भी यदि हाथ में हमेशा 'मुरली' है, तो वो श्री कृष्ण हैं। द्वारिका' का वैभव होने के बाद भी यदि 'सुदामा' मित्र है, तो वो श्री कृष्ण हैं। मृत्यु' के फन पर मौजूद होने पर भी यदि 'नृत्य' है, तो वो श्री कृष्ण हैं। सर्व सामर्थ्य' होने पर भी यदि सारथी' बने हैं, तो वो श्री कृष्ण हैं। जब भरी सभा में एक असहाय और बेबस स्त्री के वस्त्र उतारे जा रहे थे तो वो श्री कृष्ण ही थे जिन्होंने उस बहन की इज्जत तार तार होने से बचाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से इंद्रजीत यादव, बनारस यादव, अरुण कुमार झा. राम आशीष यादव, श्रवण यादव, रामदयाल यादव, विनोद सिंह, एसके बक्शी, एसएन यादव, रितेश यादव, महानंद यादव, गोरखनाथ यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का दूसरा दिन

# आनेवाला भारत आत्मनिर्भर, सक्षम और नवाचार प्रधान होगा : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता






**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025' के दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस कहा कि स्वर्णिम भारत एक्सपो जैसे आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को नये विचारों, तकनीकी नवाचार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि देखकर संतोष होता है कि देश के विभिन्न संस्थान, उद्योग और स्टार्टअप्स एक मंच पर आकर विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए कार्य कर रहे हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि आने वाला भारत आत्मनिर्भर, सक्षम और नवाचार-प्रधान होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने अपने वक्तव्य में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार के संकल्प और विचारों के साथ कदमताल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस भूमिका में उन्होंने युवाओं की भागीदारी को महत्त्वपूर्ण करार दिया। स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब उन्होंने शिकागो में जाकर भारतीय चिंतन, संस्कृति, जीवन मूल्यों और दर्शन का डंका बजाया, तब दुनिया ने भारत का लोहा माना। उसी तरह शंकराचार्य, अब्दुल कलाम आजाद के विचारों और योगदान को आत्मसात करने की भी बात उन्होंने कही।

साइबर क्राइम जैसे अपराधों से हिंदुस्तान का लक्ष्य पूरा नहीं होगा बल्कि हमें देश को बनाने में हमारी भूमिका पर चिंतन करने से होगा। प्रधानमंत्री जी के वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी को अपनाने के साथ समाज, परिवार और कुटुंब में आत्मीयता के साथ एक नये अध्याय गढ़ने की आवश्यकता की बात उन्होंने की। युवाओं से अपने इतिहास को जानकर देश के



भविष्य के प्रति जागरूक होने का उन्होंने आह्वान किया। इसके पहले मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान की चर्चा की। उन्होंने एक्सपो के आयोजन में परिचित फाउंडेशन के तरुण जैन की सराहनीय भूमिका की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री ने जिस स्वर्णिम भारत का सपना भारतीयों को दिखाया है उसे साकार करने के लिए समूचा राष्ट्र कृतसंकल्प है। मेक इन इंडिया को प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के अहम भाग के तौर पर उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 के बाद भारत में बनने वाले मोबाइल फोन और अन्य गैजेट्स की संख्या भी बढ़ी है।

देश के खाद्यान्नों और स्रोतों का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही हम 2047 तक विकसित भारत की यात्रा को पूरा कर लेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका की चर्चा करते हुए आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के प्रधानमंत्री के प्रयासों पर अपना विचार प्रस्तुत किया। भारत की गौरवशाली परंपरा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र पुनर्निर्माण के युग में है और इस स्वर्णिम परिवर्तन की बागडोर युवा के हाथ में है। युवाओं को मजबूत संकल्प के साथ अपना कार्य करना होगा। एक्सपो के आयोजन पर विवि के प्रति कुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रतिभागियों से संवाद किया और भारत की प्रगति की दिशा में युवाओं के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन और सरला बिरला पब्लिक स्कूल की प्राचार्या मनीषा शर्मा भी उपस्थित थीं।

# दिशोम गुरु के नाम पर रांची में बनेगा स्मृति स्थल : सुदिव्य कुमार

## जमीन चिह्नित करने में जुटी हेमंत सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर राज्य सरकार भव्य स्मृति पार्क बनाने का निर्णय लिया है। विधानसभा परिसर में इसकी औपचारिक घोषणा नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने की है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में दिशोम गुरु के जीवन से संबंधित स्मृति पार्क बनाया जायेगा इसके लिए जमीन चिह्नित की जा रही है। जल्द ही स्थान का चयन करके इसे मूर्तरूप देने का काम किया जायेगा ताकि यहां आनेवाले बाहर के लोग भी दिशोम गुरु के जीवन और उनके संघर्ष को जान सके। विधानसभा परिसर में पूरक मानसून सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए तैयारी शुरू हो गयी है। स्मृति पार्क में गुरुजी की आदमकद प्रतिमा, उनके संघर्ष और आंदोलन से जुड़ी तस्वीर के साथ पार्क और हॉल का निर्माण होगा। जिससे यहां आनेवाले पर्यटकों को आसानी से गुरुजी शिबू सोरेन के बारे में जानकारी मिल सके।

### नगर विकास ने आवास बोर्ड से मांगी जमीन

दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नाम पर स्मृति पार्क राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित बाइपास में बनाये जाने की संभावना है। प्रस्तावित निर्माण स्थल के लिए नगर विकास विभाग ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड से जमीन मांगी है। आवास बोर्ड ने जमीन चिह्नित करने का काम शुरू कर दिया है। आवास बोर्ड जल्द ही नगर विकास विभाग को जमीन मुहैया करायेगा। संभावना है कि रांची के बाइपास रोड में डीपीएस स्कूल के पास स्थित भुसूर मौजा में गुरुजी का स्मृति स्थल बनाये जाने पर मुहर लग जाये। इस मुख्य मार्ग पर स्थित भुसूर मौजा में कई एकड़ जमीन खाली पड़ी है। हालांकि इसके लिए अंतिम मुहर कैबिनेट के निर्णय के बाद होगा जिसमें इसके निर्माण पर होनेवाले खर्च एवं अन्य राशि निर्धारित होगी।

# नवाचार और प्रेरणा से रूबरू हुए जशपुरिया पब्लिक स्कूल के छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला स्कूल में आयोजित स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 में जशपुरिया पब्लिक स्कूल बीसा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह मेगा प्रदर्शनी परिचित फाउंडेशन के द्वारा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी थी। एक्सपो का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को सरकारी योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों की जानकारी देना, साथ ही आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों के महत्व से अवगत कराना था। विद्यालय की कक्षा छह, सात और आठवीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों नीतुप्रिया एक्का, प्रियंका बड़ाइक और रोहित कुमार महतो के मार्गदर्शन में विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और विशेषज्ञों से संवाद किया। विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिताएं, फ्री हेल्थ कैंप, हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी और स्किल डेवलपमेंट व रोजगार अवसरों पर सत्र प्रमुख आकर्षण रहे। शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्रीय प्रगति की समझ के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। विद्यालय परिवार ने सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

# हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवनीत कुमार को बनाया गया झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग ने हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश नवनीत कुमार को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया है। अध्यक्ष, झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग, रांची की सेवाशर्त एवं पदावधि विद्युत अधिनियम, 2003 के प्रावधानों के तहत अनुमान्य होंगी।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए निम्नलिखित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, खुलने की नियत तारीख **11.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे।** इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, बयाना राशिः (1) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-57, दिनांक 20.08.2025;** नुआगाँव एवं बांगुरकेला स्टेशनों के बीच आईबीएसएस के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य; रु. 2,25,15,638.09; रु. 2,62,600; **(2) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-58, दिनांक 20.08.2025;** बंडामुंडा जंक्शन-राउरकेला, पानपोष-झारसुगुड़ा अनुभाग में टीआरआर (पी) के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य; रु. 81,85,985.52/-; रु. 1,63,700; **समापन अवधिः** दोनों के लिए 15 (पंद्रह) महीने। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आवश्यक रूप से आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। **(PR-549)**


# ऑल इंडिया एससी,एसटी और ओबीसी इंप्लाइज को-आर्डिनेशन काउंसिल का महाधिवेशन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इंप्लाइज को-आर्डिनेशन काउंसिल इंडिया लिमिटेड का एक दिवसीय वर्किंग कमेटी सह अधिवेशन कोल इंडिया लिमिटेड का महाधिवेशन शुक्रवार को सीएमपीडीआइ हॉल, रांची में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में कोल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ब्रिजकिशोर राम, गोरेलाल पासवान, शैलेंद्र यादव, सुनील कुमार रूहारे, ओमप्रकाश लोहरा, इकबाल हुसैन, मीरा देवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देकर और भगवान बिरसा मुंडा व डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर अधिवेशन का उद्घाटन हुआ। अधिवेशन में आरक्षण, प्रमोशन, रोस्टर, बैकलॉग, विस्थापन और सामाजिक न्याय जैसे अहम मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि खोरवन सरदार ने कहा कि हमें अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग और संगठित रहना होगा। उन्होंने काउंसिल को सशक्त बनाने, प्रत्येक कंपनी में सदस्य संख्या बढ़ाने और नियमित रूप से प्रबंधन से बैठक कर सहमति बिंदुओं को लागू कराने पर बल दिया। महाधिवेशन के अंत में यह घोषणा की गयी कि काउंसिल का अगला अधिवेशन नवंबर माह में एमसीएल, जगन्नाथ पुरी में आयोजित होगा। इस अवसर पर पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित नेता रंथु गंझू ने अपने साथियों के साथ संगठन की सदस्यता ग्रहण कर काउंसिल के साथ चलने का संकल्प लिया।


# पीएम ने कोलकाता, पश्चिम बंगाल में 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता जैसे शहर भारत के इतिहास और भविष्य दोनों की समृद्ध पहचान का प्रतीक हैं। जैसे-जैसे भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैसे-वैसे दमदम और कोलकाता जैसे शहर इस यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। 21वीं सदी का भारत, 21वीं सदी की परिवहन प्रणाली की मांग करता है। इसलिए आज पूरे देश में रेल से लेकर सड़क, मेट्रो से लेकर एयरपोर्ट तक आधुनिक परिवहन सुविधाओं को न केवल विकसित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें एक-दूसरे से जोड़ा भी जा रहा है, ताकि निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में 5,200 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें एक बार फिर पश्चिम बंगाल के विकास को गति देने का अवसर मिला है। उन्होंने नोआपाड़ा से जय हिंद एयरपोर्ट तक कोलकाता मेट्रो की यात्रा का अनुभव साझा करते हुये बताया कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने कई लोगों से बातचीत की और सभी ने कोलकाता के सार्वजनिक परिवहन के आधुनिकीकरण पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने छह लेन वाले एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे का भी शिलान्यास किया। कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के नागरिकों को इन बहु-हजार करोड़ की परियोजनाओं के लिए हार्दिक बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि कोलकाता जैसे शहर भारत के इतिहास और भविष्य दोनों का समृद्ध प्रतीक हैं। जैसे-जैसे भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे दमदम और कोलकाता जैसे शहर इस विकास यात्रा में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आज का यह कार्यक्रम सिर्फ मेट्रो का उद्घाटन या हाइवे का शिलान्यास नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि आधुनिक भारत अपने शहरी परिदृश्य को कैसे बदल रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# वीवीपीएस की छात्रा ने जीते स्वर्ण और कांस्य पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विद्या विकास पब्लिक स्कूल की 12वीं की छात्रा मोबाश्शेरा सुल्ताना ने सीबीएसइ क्लस्टर-3 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन किया। ये एथलेटिक्स मीट जीतकर विद्यालय व शहर का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता विकास विद्यालय नेवरी में आयोजित हुई। अंडर-19 गर्ल्स श्रेणी में मोबाश्शेरा ने लॉन्ग जंप में स्वर्ण पदक जीतकर चयनित हुई और 100 मीटर स्प्रिंट में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा, मेहनत और संकल्प का परिचय दिया। 9 से 13 सितंबर 2025 तक संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल बनारस में आयोजित होने वाले सीबीएसइ स्कूल के नेशनल मीट में वीवीपीएस की छात्रा मोबाश्शेरा सुल्ताना बिहार, झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुई है। यहां कई अंतरराष्ट्रीय सीबीएसइ स्कूलों के छात्र भाग लेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य जया प्रसाद ने इस उपलब्धि पर मोबाश्शेरा को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**शपथ पत्र**

**मै शपथ पत्र : 28750 दिनांक :01.08.2025 के अनुसार मै बाधी यादव, उम्र करीब-38 वर्ष, पिता-नागो यादव, ग्राम-पिण्ड्सरकोम, पोस्ट-मारंगलोईया, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार, राज्य-झारखण्ड, राष्ट्रीयता-भारतीय शपथपूर्वक एकरार करता हूं:-**

**1. यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी व मूल निवासी हूं।**

**2. यह कि मेरा पुत्र का वास्तविक नाम पवन कुमार यादव है।**

**3. यह कि मेरे उक्त पुत्र के आधार कार्ड संख्या-9217 6595 0065 में हिन्दी में उसका नाम पवन कुमार यादव दर्ज है, परन्तु उसी आधार कार्ड में रोमन लिपि में PUNAM KUMA YADAV दर्ज है।**

**4. यह कि मुझे अपने उक्त पुत्र पवन कुमार यादव के उक्त आधार कार्ड संख्या-9217 6595 0065 में मेरे पुत्र के रोमन लिपि में दर्ज नाम PUNAM KUMA YADAV की जगह PAWAN KUMA YADAV सुधार करवाना है, इसी आशय का यह शपथ पत्र कर रहा हूं।**

**मैं बोधी यादव शपथपूर्वक एकरार करता हूं कि उपरोक्त सारी बातें मेरी जानकारी के अनुसार सत्य सही एवं दुरूस्त है।**

# संसद का मॉनसून सत्र : हंगामा है बरपा

संसद का मॉनसून सत्र हंगामे के साथ खत्म हुआ। यह सत्र निराशाजनक रहा, क्योंकि सरकार और विपक्ष में टकराव हुआ। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे और लोकसभा में 37 घंटे काम हुआ। कई सवाल अधूरे रहे, जिनका जवाब देश जानना चाहता था। पिछले शीत सत्र में भी लोकसभा के कई घंटे बर्बाद हुए थे। संवाद की कमी दिखी।

**हंगामा के साथ शुरू, शोरगुल के बीच खत्म :** संसद का मॉनसून सत्र जैसे हंगामे के साथ शुरू हुआ था, वैसे ही शोरगुल के बीच खत्म हुआ। प्रॉडक्टिविटी के लिहाज से यह सेशन बेहद निराशाजनक कहा जायेगा। सरकार और विपक्ष के बीच टकराव के कारण दोनों सदन लगातार बाधित रहे। यहां दोनों पक्षों से ज्यादा समझदारी और संतुलित नजरिये की अपेक्षा थी।

**काम कम, हंगामा ज्यादा :** आंकड़े ही इस सत्र की पूरी कहानी बता देते हैं। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे काम हो पाया और लोकसभा में 37 घंटे। लोकसभा की कार्यवाही के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किये गये थे और इनमें से महज 55 का मौखिक उत्तर मिल सका।

> बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन रक्फ़ और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गये। पीएम, सीएम को भी पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी।

**कामकाज पर असर :** सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर नहीं पड़ना चाहिए। दुर्भाग्य से देश ने इस सत्र में यही देखा- वे जरूरी मुद्दे जिनका जवाब देश जानना चाहता था, शोर शराबे की भेंट चढ़ते रहे।

**अधूरे जवाब :** यह सेशन ऐसे वक्त हो रहा था, जब भारत नयी चुनौतियों से गुजर रहा है। विदेश और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर हालात तेजी से करवट ले रहे हैं। ऐसे में और भी अहम हो जाता है कि संसद में इस पर सार्थक चर्चा होती और वाद-विवाद से रास्ता निकाला जाता। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन रक्फ़ और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गये। पीएम, सीएम को भी पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी।

**संसाधनों की बर्बादी :** चिंताजनक बात यह है कि संसदीय कार्यवाही का ऐसा अंजाम अब आम हो चुका है। पिछले शीत सत्र में ही लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हुए थे। एक अपवाद बजट सत्र को माना जा सकता है, जब राज्यसभा की प्रॉडक्टविटी 119%, जबकि लोकसभा की 118% रही। संसद सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन जब काम नहीं करता, तो जनता की गाढ़ी कमाई के इन रुपयों के साथ देश का बेहद कीमती समय भी जाया हो जाता है।

**संवाद की कमी :** हाल में सरकार और विपक्ष के रिश्तों में जो गिरावट आयी है, मॉनसून सत्र उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। लोकतंत्र में संवाद और आपसी सम्मान के बिना काम नहीं चलता। विरोध जरूरी है, पर मुद्दों पर और सकारात्मक उद्देश्य के साथ।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आइडब्ल्यूटी) का स्थगन–ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

# सिंधु की पुकार: संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली



**अर्जुन राम मेघवाल**



मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिल कर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिये जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आइडब्ल्यूटी) का स्थगन–ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

> अब मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है।

देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी।

मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आइडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80:20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गये जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गये थे, लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आये, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी। संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी। अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था।

राजस्थान से कांग्रेस सांसद हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, एसी गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित कहा जा सकता है।

इस संदर्भ में यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाये और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गयी आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है। इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ।

अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है, जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था, इनमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफ हैं। ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं। जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब इंडस वाटर ट्रीटीः एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा थाः मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे। इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई।

फरवरी 1962 में वाशिंगटन पोस्ट को दिये एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बताया। स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए। इसके उलट यह युद्धों और निरंतर सीमा-पार तनावों के रूप में दुर्भाग्य लेकर आई। जल-बंटवारे की इस सख्त व्यवस्था ने सूखे से लड़ने, सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने और संवेदनशील इलाकों में कृषि को मजबूत करने हेतु अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की भारत की क्षमता को सीमित कर दिया। सत्ता-लोलुप शासकों ने आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के प्रति कोई जिम्मेदारी महसूस नहीं की, जिससे भारत कमजोर हो गया। वास्तव में यह संधि भारत के लिए जल कूटनीति की विफलता और पाकिस्तान के लिए एक राजनीतिक विजय थी।

अब मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का प्रयोग करते हुए, सिंधु जल संधि (आइडब्ल्यूटी) को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अंतिम रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना छोड़ नहीं देता।

प्रधानमंत्री मोदी का स्पष्ट आह्वान राष्ट्रीय हितों को कमजोर करने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी हैः आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते; पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते। यह कदम पिछली नीतियों से अलग हटकर एक साहसिक और ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक कूटनीतिक पुनर्संतुलन भर नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों और किसानों के हितों एवं संबंधित हितधारकों की आजीविका के अवसरों की रक्षा करने के भारत के संप्रभु अधिकार का एक दृढ़ रणनीतिक दावा है - जो पाकिस्तान की ओर से आने वाले लगातार सीमा पार खतरों के सामने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत को सर्वोपरि रखता है।

सिंधु जल संधि का स्थगन कूटनीति से कहीं आगे जाता है–यह विकासशील भारत@2047 के लक्ष्य को साकार करने के भारत के संकल्प को दर्शाता है। अपने जल संसाधनों पर नियंत्रण फिर से हासिल करके, भारत जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है, सिंचाई व्यवस्था को मजबूत कर सकता है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकता है–जोकि एक विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। यह निर्णय पुराने समझौतों द्वारा थोपी गयी सहमतियों का अंत करता है और जल संप्रभुता को प्रगति की बुनियाद के रूप में स्थापित करता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है, जो आत्मनिर्भरता, स्थिरता और समावेशी विकास के मिशन के साथ गहराई से जुड़ा है।

**(लेखक : केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### जिप अध्यक्ष ने सरायकेला में बन रहे अस्पताल का किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर उठाये सवाल



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले में 52 करोड़ की लागत से बन रही 100 बेड के अस्पताल के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने अस्पताल का निरीक्षण कर निर्माण में दरारें मिलने पर गहरी चिंता जतायी। उन्होंने आरोप लगाया निर्माण कार्य में काला ईंट का उपयोग किया गया। जिससे गुणवत्ता पर संदेह होना स्वाभाविक है।श्री बोदरा ने कहा इस मुद्दे को 30 अगस्त को होने वाली दिशा की बैठक में उठाया जाएगा। यदि जांच में गड़बड़ी साबित होती है, तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।गौरतलब है सरायकेला जिले में पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाएं बेहद सीमित हैं। ऐसे में जनता इस अस्पताल को बड़ी उम्मीदों से देख रही है। लेकिन निर्माण की नींव कमजोर होने से मरीजों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा हो मंडरा सकती है।

### टाटा स्टील जेडीसी राफ्टिंग प्रतियोगिता का समापन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** डिमना में आयोजित टाटा स्टील जेडीसी राफ्टिंग प्रतियोगिता का रोमांचक समापन हुआ।शुक्रवार को प्रतियोगिता में कुल 26 में से 22 टीमों ने कठिन ट्रैक को सफलतापूर्वक पूरा किया।जिसमें लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।कड़े मुकाबले में ईक्यूएमएस एंड इंजीनियरिंग सर्विसेज ने बाजी मारते हुए विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया। वही एचएसएम उपविजेता और कोक प्लांट द्वितीय उपविजेता घोषित किए गए। समापन समारोह में टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह स्पोर्ट्स एडवाइजरी कमेटी के चेयरमैन संजय सिंह ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

### गम्हरिया पुलिस ने चोरी के नेटवर्क का किया खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया पुलिस ने चोरी के मामले का खुलासा करते हुए घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में जनसिंह तामसोय, अजय पूर्ति, गगन कारवां और महावीर हंसना शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर एलटी मालवाहक वाहन, स्विफ्ट डिजायर कार, तांबा और एल्यूमीनियम के तार समेत चोरी का अन्य सामान बरामद कर लिया।थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया पुलिस टीम ने पेशेवर तरीके से कार्रवाई करते हुए चोरी के नेटवर्क का बड़ा हिस्सा उजागर किया है। पुलिस जांच में कुल 11 लोगों की संलिप्तता सामने आयी है।अब शेष आरोपियों पर नकेल कसने की तैयारी है। उन्होंने कहा चोरी के मामले में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। जल्द फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

### छेड़खानी और मारपीट के मामले में एक गिरफ्तार

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों ट्यूशन से लौट रहे छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट और छेड़खानी के मामले का आदित्यपुर पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। शुक्रवार को जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर सरायकेला एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर सालडीह बस्ती निवासी अभिजीत बिस्वाल उर्फ. इलू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। फिलहाल आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की और अनुसंधानकर्ता सुनील कुमार सिंह की टीम ने अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### साकची बाजार होगा अतिक्रमण मुक्त और जाममुक्त, डीसी-एसएसपी ने किया निरीक्षण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में रुक रुक कर हो रही बारिश के बीच डीसी कर्ण सत्यार्थी और एसएसपी पीयूष पांडेय ने साकची बाजार का निरीक्षण किया। शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था, सड़क पर अतिक्रमण, अव्यवस्थित दुकानें और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया। मौके पर डीसी कर्ण सत्यार्थी ने कहा साकची बाजार क्षेत्र में जाम और आवागमन पर हो रही दिक्कतों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। निरीक्षण के दौरान सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए ठोस एवं दीर्घकालिक रणनीति बनाने का अधिकारियों को निर्देश दिया गया। दुकानदारों को केवल निर्धारित स्थान पर ही व्यापार करने दिया जाएगा।डीसी ने कहा प्रशासन का लक्ष्य है साकची बाजार को स्वच्छ, व्यवस्थित और जाममुक्त बनाया जाए। ताकि आम नागरिकों और खरीदारों को सुविधा मिल सके।वही एसएसपी पीयूष पांडेय ने कहा सड़कों पर अतिक्रमण सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए दुकानदारों, ठेला संचालकों और स्ट्रीट वेंडर्स के साथ बैठक कर सहयोग से समाधान निकाला जाएगा। मौके पर सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, जेएनएससी विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एनएमएल में श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** श्रीनाथ पब्लिक स्कूल जमशेदपुर के 54 छात्र-छात्राओं और 2 शिक्षकों ने सीएसआइआर जिज्ञासा वर्चुअल प्रयोगशाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) का भ्रमण किया। शुक्रवार को भ्रमण के दौरान निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने एनएमएल की 75 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वही डॉ सर्मिष्ठा सागर ने अनुसंधान एवं विकास कार्यों की महत्ता बतायी, जबकि डॉ अनीमेष जाना ने जिज्ञासा कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। मौके पर छात्रों ने अप्लाइड एवं एनालिटिकल केमिस्ट्री, क्रीप परीक्षण, नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग, ई-वेस्ट रीसायक्लिंग, पीतल गलाने की प्रक्रिया और डाई किट जैसे कई प्रयोगों और अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और समूह चित्र के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया।

### जोजोबेड़ा नुवोको सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों के लिए 20 प्रतिशत बोनस पर बनी सहमति

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नुवोको विस्तास कॉर्प लिमिटेड जोजोबेड़ा सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों का वार्षिक बोनस समझौता यूनियन और प्रबंधन के बीच संपन्न हुआ। शुक्रवार को बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारियों को 20 प्रतिशत बोनस देने पर सहमति बनी। समझौते के अनुसार कर्मचारियों को न्यूनतम 63,111 और अधिकतम 2,37,625 बोनस मिलेगा। जिसका भुगतान अगस्त माह के वेतन के साथ किया जायेगा। बोनस उत्पादन का 7 प्रतिशत, मुनाफा (6 प्रतिशत) और सेफ्टी (7 प्रतिशत) पर आधारित है। मौके पर प्रबंधन की ओर से प्लांट हेड हरि किशोर गरिकापति, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (एचआर) अर्नव वासु सहित अन्य पदाधिकारी और यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, डिप्टी प्रेसिडेंट विनय त्रिवेदी और अन्य पदाधिकारियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।

## जैक संपूरक परीक्षा 2025

# परीक्षा केंद्र की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जैक संपूरक एवं समुन्नत माध्यमिक एवं संपूरक इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का आयोजन गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत यासीन मिल्लत इंटर कॉलेज गढ़वा, आरके गोविंद प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा, एसएसजेएस नामधारी इंटर कॉलेज गढ़वा एवं आरके प्लस टू उच्च विद्यालय मेराल कुल चार परीक्षा केंद्रों पर दिनांक 23 अगस्त से 01 सितंबर तक दोनों पालियों में आयोजित किया जाना है।

इसी क्रम में परीक्षा को देखते हुए गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत एसडीओ संजय कुमार ने धारा-163 बी.एन.एस.एस. के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत कुल चार परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर यह कार्रवाई की गयी है। इस दौरान परीक्षा केंद्र के चहारदिवारी से 100 मीटर की चतुर्दिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रूप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे। परीक्षा केंद्रों के आस-पास किसी प्रकार के शोरगुल की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आस-पास लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का प्रचार-प्रसार/ढोल-नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जायेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव पहुंचे गढ़वा, कहा

# पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों का सही से निर्वहन करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा शुक्रवार को गढ़वा पहुंचे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, गढ़वा द्वारा टाऊन हॉल में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव एवं जलसहिया के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार मस्त राम मीणा एवं अभियान निदेशक, जल जीवन मिशन, झारखंड सरकार, रमेश घोलप मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि जल ही जीवन है परन्तु पानी तभी जीवनदायी है जब वो शुद्ध और सुरक्षित है। भारत सरकार ने जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत इसलिये की है ताकि हर घर तक नल से शुद्ध जल पहुंचे और हर गांव स्वच्छ और स्वस्थ बनें। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव में समुदाय की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे जुड़ी विभिन्न प्रमुख पहलूओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने योजना के अंतर्गत नल, जलमीनार, टंकी आदि के मेंटेनेंस, रख रखाव व क्रियान्वयन को लेकर मुखिया, पंचायत सचिव, जल सहिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की भूमिका को विस्तार से बताया। इस दौरान उनके द्वारा बताया गया कि मुखिया और जलसहिया जो भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही बेहतर कार्य व योजनाओं के तहत अच्छा प्रदर्शन करने पर जलसहिया दीदियों के मानदेय में वृद्धि करने का भी आश्वासन दिया।

उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि गढ़वा जिला अंतर्गत 20 प्रखण्डों के 820 ग्रामों में बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना से आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं जल सहिया द्वारा जल जीवन मिशन के तहत अपने क्षेत्रों में जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े लोगों को प्रेरित करने वाले अनुभव साझा किये गये।

# मध्य विद्यालय नरखोरिया कला के बच्चों को किताबों की जगह थमायी गयी कुदाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** शिक्षा व्यवस्था सुधारने एवं स्कूलों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को लेकर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। बच्चों को किताब, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति, साइकिल और मध्याहन भोजन तक की सुविधा मुफ्त दी जा रही है। ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। लेकिन जमीनी हकीकत सरकार की मंशा पर पानी फेर दे रही है। शिक्षा का मंदिर इन दिनों मजदूरी का अड्डा बन चुका है। यहां बच्चों को शिक्षा देने के बजाय उनसे मजदूरी कराया जा रहा है। यह हाल गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरखोरिया कला का है। शुक्रवार को जब बच्चे शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे, तो उन्हें किताबों की जगह कुदाल थमा दिया गया। विद्यालय के हेडमास्टर रमेश प्रसाद ने मासूम बच्चों से स्कूल प्रांगण में पड़े मिट्टी के ढेर को समतल करने का काम कराया। डर के मारे बच्चे जहां दिनभर पसीना बहाते रहे। वहीं विद्यालय के हेडमास्टर मस्ती फरमाते रहे। यहां बता दें कि यह विद्यालय एनएच-75 पर स्थित है, जहां से रोज अधिकारी और आम लोग गुजरते हैं। इसके बावजूद हेडमास्टर को न तो कानून का भय रहा और न ही शिक्षा की जिम्मेदारी का अहसास। वे दिन के उजाले में बेधड़क बच्चों से जी तोड़ मेहनत कराते रहे। इस संबंध में पूछने पर विद्यालय के हेडमास्टर रमेश प्रसाद ने कहा कि बच्चों से कुछ नहीं उनके खेलने के लिये सिर्फ मिट्टी को प्लेन करा रहे थे।

**क्या कहते हैं एसडीओ :** इस संबंध में पूछने पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा की यह गंभीर मामला है। बच्चों को शिक्षा देने के सिवाय उनसे कुछ नहीं कराना है। अगर हेडमास्टर के द्वारा ऐसा कराया गया है तो पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# सरस्वती विद्या मंदिर में देव रूप सज्जा प्रतियोगिता



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में देव रूप सज्जा प्रतियोगिता का शुभारम्भ सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव चन्दन कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला, सदस्य संजीव कुमार, अभिभावक दिलेश्वर सिंह, ध्रुव कुमार, भरत सिंह व्यास के द्वारा मां शारदे, भारत माता, ओम तथा अहिल्याबाई होलकर के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा अरूण से द्वितीय तक के भैया-बहनों ने श्रीराम, सीता, राधा, कृष्ण, गणेश,शिव, काली, मीरा आदि जैसे विविध देव रूपों में तैयार होकर अपना भव्य प्रदर्शन दिया। इस प्रतियोगिता में अरूण से प्रभात कक्षा में प्रथम स्थान वैदिका प्रिया एवं इनाक्षी वर्मा, प्रथम से द्वितीय कक्षा में प्रथम स्थान अभिनव तथा वाटिका स्तर पर शिवांशी रमण को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। हर्ष श्रीवास्तव और हर्षित श्रीवास्तव को शिव व काली रूप में झांकी प्रस्तुत करने के लिए विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, दिनेश कुमार, अविनाश, सुजीत दुबे, अशोक, कृष्ण मुरारी, प्रसून, हिमांशु झा, रूपेश कुमार, हृषिकेश तिवारी, उमेश, बिक्रम प्रसाद, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

# गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोपीनाथ सिंह इंटर महाविद्यालय शासी निकाय की सचिव पूनम सिंह मुख्य रूप से उपस्थिति थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात सचिव पूनम सिंह, प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में लगभग 50 पौधों का रोपण किया गया।

सचिव पूनम सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़ केवल धरती की शोभा नहीं बढ़ाते बल्कि जीवन का आधार हैं। जिस प्रकार मां निस्वार्थ भाव से अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी बिना किसी अपेक्षा के हमें ऑक्सीजन, छाया, भोजन और जीवन प्रदान करते हैं। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की समन्वयक डॉ अनीता तूफानी ने कहा कि हम अपने घर में या घर के आसपास कम से कम एक वृक्ष जरुर लगाएं। यदि हम मां और वृक्ष दोनों का सम्मान करेंगे तो आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में जीवन जी सकेंगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गीत, नृत्य और संगीत की विभिन्न प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भी यह संदेश दिया गया कि वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए अनिवार्य है।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संयुक्ता कुमारी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य ही समाज में जागरूकता और सेवा भावना का विकास करना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं एनएसएस स्वयंसेवक और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक उपस्थित रहीं। सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।

## जिले की 41 खुदरा उत्पाद दुकानों की हुई बंदोबस्ती

**गढ़वा। समाहरणालय स्थित झारनेट गढ़वा में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में जिले के सभी 41 खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती सफलतापूर्वक पूरी की गयी। यह बंदोबस्ती 18 समूहों में ई-लॉटरी प्रणाली से पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 की शेष अवधि हेतु की गयी। इस प्रक्रिया के लिए कुल 212 आवेदन प्राप्त हुए थे। पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करते हुए सम्पूर्ण प्रक्रिया संपन्न की गयी। बंदोबस्ती प्रक्रिया के दौरान अपर समाहर्ता के साथ उत्पाद अधीक्षक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।**

## संजय राम ने निजी खर्च से सड़क की करायी मरम्मत

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रत्याशी संजय राम ने ग्राम रबदा हनुमान मंदिर से ग्राम होन्हेखुर्द जाने वाली 6 किलोमीटर अति जनोपयोगी जर्जर सड़क का मरम्मत अपने निजी खर्च से कराकर सराहनीय कार्य किया है। इसके संबंध में ग्रामीण दीपनारायण यादव ने बताया कि यह सड़क एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण सड़क है जो खासकर वर्षांत के मौसम में जर्जर और गड्ढा किचड़ में तब्दील हो गया था जिससे लोगों को आवागमन मुश्किल हो गया था। ग्रामीण जनता का कहना है कि जो जनता के सुख-दुख में साथ रहेगा उसके साथ जनता भी साथ रहेगी।

## जिप सदस्य ने डीसी से योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने की मांग की



जिप सदस्य मोहन पासवान।

डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड की सभी पंचायतों में संचालित अबुआ आवास योजनाओं एवं मनरेगा अंतर्गत डोभा निर्माण योजनाओं की सूची सार्वजनिक करने की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य, डंडई मोहन पासवान ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन सौंपा है। अपने आवेदन पत्र में श्री पासवान ने उल्लेख किया है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, डंडई ने ज्ञापांक 1019 दिनांक 12.08.2025 के माध्यम से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी(मनरेगा) और प्रखंड समन्वयक डंडई को निर्देशित किया था कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के सभी पंचायतों में संचालित अबुआ आवास एवं मनरेगा से डोभा योजनाओं की सूची तैयार कर उपलब्ध कराई जाए। लेकिन अब तक संबंधित अधिकारियों द्वारा सूची उपलब्ध अब तक नहीं कराई गयी है। उन्होंने उपायुक्त से मांग किया कि सूची उपलब्ध करायी जाये।

# आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में पुरस्कार वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मंझिआंव।** आर.के.पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले सप्ताह आयोजित अंतर-सदनीय कराटे प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंझिआंव की प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती कनक ने विद्यालय के प्राचार्य केआर झा के साथ मिलकर अंतर-सदनीय कराटे प्रतियोगिता के 8 विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये। यहां यह उल्लेखनीय है कि इन पुरस्कृत विधार्थी में अनुराज पांडेय -4 'ए'औरअदिति पांडेय -5 'बी' झारखंड राज्य स्तर की कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता हैं। प्रतियोगिता विद्यालय के चार सदनों - गंगा, यमुना, कावेरी और ब्रह्मपुत्र के बीच आयोजित की गयी थी। छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रसिद्ध शिक्षाविद् सह विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडे ने प्रतियोगिता के आयोजन की पहल की सराहना की। उन्होंने इस प्रयास के लिए अपनी खुशी व्यक्त की और ऐसे मूल्यवान आयोजनों की निरंतर सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

**पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की सूची इस प्रकार हैं : - अभिराज द्विवेदी -3 'ए', अनुराज पांडेय -4 'ए', अदिति पांडेय -5 'बी', नवेद आलम - 3'ए', हर्ष राज सोनी - 5'बी', आयुष विश्वकर्मा - 4'बी' रचित राज -4 'ए', हर्ष कुमार-5'ए' के नाम शामिल हैं।**

# बीडीएसयू के कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ) एम के सिंह ने शुक्रवार को इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग में चल रही बी फार्मा चतुर्थ सेमेस्टर-2025 और फार्मेसी विभाग में चल रही द्वितीय सेमेस्टर के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन और बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी के परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर विद्यार्थियों से परीक्षा की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। सभी परीक्षाथीओं ने संतुष्टि जाहिर की।

कुलपति ने केंद्राधीक्षक एवं परीक्षा नियंत्रक से परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने वीक्षको को सतर्क रहकर परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने उत्तर पुस्तिकाओं एवं प्रश्न पत्रों की जांच की तथा परीक्षा हॉल में व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खूब मेहनतकर इमानदारी पूर्वक परीक्षा देने की सलाह दी। विश्वविद्यालय में कदाचार मुक्त परीक्षाओ के आयोजन पर केंद्राधीक्षक, वीक्षको और विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार जी का प्रशंसा की। विश्वविद्यालय समय-समय पर औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा। इस दौरान संबंधित विभाग के प्राचार्य एवं संकायाध्यक्ष और केंद्राधीक्षक उपस्थित थे।

## जरही में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर, पवन गुप्ता बने अध्यक्ष



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड के जरही में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया, जिसमें अध्यक्ष पवन गुप्ता, उपाध्यक्ष जयराम चौधरी, सचिव सुनील कुमार, उपसचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार गुप्ता, उपकोषाध्यक्ष ओम सोनी, महामंत्री अवधेश शाह, सलाहकार और मीडिया प्रभारी शंकर चौधरी को ग्रामीणों ने सर्व सहमति से चयन किया। समिति के गठन के बाद, एक विस्तृत योजना बनायी जायेगी। इसमें पूजा के आयोजन, सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों के आयोजन के लिए चर्चा किया जायेगा। उपाध्यक्ष जयराम चौधरी ने बताया कि दुर्गा पूजा हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार शक्ति का प्रतीक है और देवी दुर्गा की महिमा का जश्न मनाता है। मौके पर नंदू प्रसाद गुप्ता, मनीष कश्यप, प्रभु साव, सम्भू पासवान, कृष्णा साव, अजय पासवान, राजू प्रसाद गुप्ता, दुलारु चौधरी,मनोज गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डंडई के कपराठ गांव में लगातार हाथियों का उत्पात जारी, वन विभाग से मदद मांगी



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तसरार पंचायत अंतर्गत कपराठ गांव और आसपास के इलाकों में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले तीन से चार दिनों से लगातार हाथियों का झुंड गांव में घुसकर उत्पात मचा रहा है। इससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। बीती रात लगभग 8 बजे हाथियों के झुंड ने गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने ग्रामीण रविंद्र सिंह के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, सुनेशर सिंह की लगभग 3 एकड़ धान की फसल को पूरी तरह रौंदकर तहस-नहस कर दिया गया। इसी तरह, बसंती देवी की 3 एकड़ धान, शिवमंगल सिंह की 15 कट्ठा, लाल बिहारी सिंह की 1 बीघा तथा रामजी सिंह सहित 10 से अधिक किसानों की धान और मक्का की फसल को हाथियों ने नष्ट कर दिया। लगातार हो रहे हमले से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों को आशंका है कि कहीं हाथी उन पर भी हमला न कर दें। स्थानीय लोगों ने रातभर मशालें जलाकर, लकड़ी फूंककर और टायर जलाकर शोर मचाते हुए किसी तरह हाथियों को गांव से खदेड़ा। इसके बावजूद हाथियों का झुंड आसपास के इलाकों में डेरा डाले हुए है।ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप करने, हाथियों को सुरक्षित तरीके से गांव से दूर भगाने और नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग की है।

# यूरिया खाद नहीं मिलने से किसानों की बढ़ी परेशानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** क्षेत्र के किसान इन दिनों यूरिया खाद की भारी कमी से जूझ रहे हैं। शुक्रवार को गोसाईबाग मैदान में यूरिया से भरा एक ट्रक पहुंचा, जिसे सात डीलरों के बीच बांटा जाना था। लेकिन जैसे ही इसकी सूचना किसानों को मिली हजारों की संख्या में किसान मौके पर इकट्ठा हो गये और खाद के लिये जमकर हंगामा किया।

किसानों का कहना है कि धान की फसल के लिये जब खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है, तभी यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीण किसानों ने आरोप लगाया कि खाद की आपूर्ति में गड़बड़ी हो रही है और लाभ वास्तविक किसानों तक नहीं पहुंच रहा। कई किसानों ने बताया कि वे लगातार डीलरों के यहां चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रही। खाद की कालाबाजारी की जा रही है। इससे उनकी धान की फसल पर संकट मंडरा रहा है। करीब दो हजार से अधिक किसानों के आक्रोश को देखते हुये पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और गंभीर स्थिति को देखते हुये मौके पर पहुंच कर किसानों शांत कराया गया। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सभी जरूरतमंद किसानों को पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिये मजबूर होंगे। अंत में नाराज किसान बिना खाद लिये बैरंग वापस लौट गये।

## रंका में यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान परेशान, शीघ्र उपलब्ध होगा यूरिया : शिवपूजन



रंका अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी।

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में खाद खासकर यूरिया नहीं मिलने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । इस वर्ष लगातार बारिश होने से एक ओर टांड़ जमीन पर होने वाली फसलें जैसे मक्का ,ज्वार, बाजरा ,मडुवा, अरहर ,तेल वगैर बुरी तरह चौपट हो गये, वहीं दूसरी ओर 30 प्रतिशत किसानों को सिर्फ धान फसल पर ही आसरा रह गया है। रंका प्रखंड में सरकारी रिटेलर आईडी प्राप्त दुकानों की संख्या मात्र 7 है, जिसमें 5 दुकान ही रंका में उपलब्ध है। बाकी 2 दुकानों में से एक एम/एस न्यू राहुल सीड्स स्टोर गढ़वा और दूसरा एम/एस कृष्णा साह पचपड़वा में स्थित है। किसानों का कहना है कि भले ही निजी दुकानों में महंगे दामों पर ही सही किंतु समय पर यूरिया खाद मिल जाता था और धान फसल को कामयाब कर लेते थे। किंतु पदाधिकारियों के द्वारा छापामारी के डर से निजी दुकानदारों में हड़कंप है। इसके संबंध में रंका प्रखंड के किसानों ने पदाधिकारियों से सरकारी दुकानों में समय-समय पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके संबंध में पूछने पर रंका अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने बताया कि दुकानों में तीन-चार दिनों के अंदर खाद उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## समाजसेवी का निधन, क्षे त्र में शोक की लहर



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सोनडीहा गांव निवासी 65 वर्षीय राजकुमार यादव का रांची के निजी अस्पताल में गुरुवार शाम को निधन हो गया। मृतक राजकुमार यादव को क्षेत्र में समाजसेवी के रूप में जाना जाता था, वे अज्ञात बीमारी से ग्राषित थे। तबियत खराब होने पर उनके परिजनों द्वारा रांची के एक निजी अस्पताल में दो दिन पूर्व भारती कराया गया था, मगर गुरुवार के दिन उनका निधन हो गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले लोगों में मुख्यरूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव राजू गुप्ता, मुंद्रिका यादव, संजीव कुमार वर्मा, दीनानाथ यादव का नाम शामिल है।

## कर्रा के टोटो शोरूम में हुई चोरी का खुलासा

# सामान के साथ चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के कुलहुटू स्थित टोटो शोरूम में गत 14 अगस्त को हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आशीष कुमार शर्मा (उम्र 22 वर्ष) चूना भट्ठा, कैलाश मंदिर थाना सुखदेव नगर, रांची, वर्तमान पता तरवाडीह लातेहार, सुखदेव कुमार (उम्र 29 वर्ष) पुनदाग सेल सिटी रांची, सोनू कुमार वर्मा (30 वर्ष) बस स्टैंड रातू रोड रांची और शुभम कुमार उर्फ विक्की (22 वर्ष) विद्यानगर रोड नंबर 3 ओझा कॉलोनी हरमू, रांची शामिल हैं। एक अन्य आरोपी अब भी फरार है।

पुलिस ने उनके पास से लूट के कई सामान बरामद किये हैं। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने शुक्रवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि जिले के पुलिस कप्तान मनीष टोप्पो को गुप्त सूचना मिली थी कि कुलहुटू टोटो शोरूम में चोरी किये गये सामानों को अपराधी रांची में बेचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन कर छापामारी की गयी और चारों ओरपियों को गिरफ्तार कर लिया। क्रिस्टोफर केरकेटटा ने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से टोटो की चोरी गयी 17 बैटरयिों में चार बैटरियों के अलावा नौ हजार रुपये नकद, एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल, एक टेंपू, एक कटर और तीन मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार सोनू कुमार वर्मा के खिलाफ पहले से ही डोरंडा थाना और कोतवाली थाने में एक-एक मामला दर्ज है। छापामारी दल में एसडीपीओ के अलावा तोरपा के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, कर्रा के थाना प्रभारी मनीष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक जुगेश सिंह, पुलिस अव निरीक्षक दीपक कांत कुमार, एसआइ मुकेश कुमार, एसआई भारत भूषण पटेल और शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## नगड़ी के भूमि विवाद में किसानों के समर्थन में उतरे पूर्व मुख्यमंत्री

# खूंटी के प्रस्तावित नौलेज सिटी में बने रिम्स-2: चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रांची के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स 2 को लेकर चल रहे जमीन विवाद में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने खुलकर किसानों के समर्थन में आ गये हैं। रिम्स 2 के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन अपने समर्थकों के साथ किसानों की जमीन बचाने के लिए 24 अगस्त को नगड़ी में हल चलायेंगे। हल चलाने का कार्यक्रम उसी जमीन पर होगा, जहां रिम्स 2 बनाने का प्रस्ताव है। इसी सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन युाक्रवार को खूंटी के हुटार पहुंचे थे, जहां उन्होंने पड़हा राजा सोमा मुंडा के घर जाकर नगड़ी में जमीन बचाने को लेकर उनसे बातचीत की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने समर्थकों के साथ आंदोलन में भाग लेने का अनुरोध किया। पूर्व सीएम के इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए पड़हा राजा सोमा मुंडा ने उन्हें आश्वस्त किया कि खूंटी जिले से इस जमीन बचाओ आंदोलन में उनके समर्थन में लगभग दस हजार से अधिक लोग नगड़ी पहुंचेंगे। सोमा मुंडा से मुलाकात के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खूंटी पहुंचे, जहां भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि नगड़ी में बनने वाले रिम्स 2 को खूंटी में बनाया जाय, क्योंकि यहां नॉलेज सिटी के लिए जमीन अधिग्रहण किया गया था, लेकिन नॉलेज सिटी नहीं बना। वह जमीन अब भी खाली पड़ी है इसलिए इसी जमीन पर रिम्स बनना चाहिए। मौके पर भाजपा नेता अनूप कुमार साहू, मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, मुकेश जायसवाल, कृषानंद तिवारी, जय भाला सहित अनयस मौजूद थे।

### राज्य सरकार में इच्छा शक्ति की कमी : चंपाई

**खूंटी-सिमडेगा मुख्य सड़क पर बने बनई नदी पुल के टूटने से लगभग ढाई महीने बीत जाने के बाद भी अब तक डायवर्सन तक नहीं बन पाया है। इस सवाल के जबाव में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इच्छा शक्ति हीं नहीं है। इसके कारण ही लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।**

## कांके के पूर्व सीओ जय कुमार राम का निधन



**कांके (आजाद सिपाही)।** अंचल अधिकारी जय कुमार राम का शुक्रवार को चेन्नई के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले तीन माह से लीवर सोरोसिस रोग से ग्रसित थे। एक माह पूर्व ही उनका लीवर ट्रांसप्लांट किया गया था। वे राज्य प्रशासनिक सेवा के तीसरे बैच के अधिकारी थे। राम पिछले ढाई वर्ष से कांके अंचल में पदस्थापित थे। एक अगस्त को उनका तबादला कांके अंचल से पलामू के पांकी किया गया था। वे मूल रूप से हजारीबाग जिला के कटकमसांडी के रहनेवाले थे। उनका अंतिम संस्कार हजारीबाग में किया जायेगा। उनके निधन पर कांके प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को शोकसभा आयोजित की गयी। उनके निधन पर अंचल अधिकारी अमित भगत, बीडीओ विजय कुमार, सीआइ चितरंजन टुडू, राजस्व कर्मचारी रवींद्र कुमार, विजय उरांव, दुर्गेश मुंडा, इफ्तेखार अहमद, एसपी गांगुली, सोहेल अहमद, सोहेल अंसारी, प्रखंड एवं अंचलकर्मी ने शोक व्यक्त किया है।

# पिपरवार में थाना दिवस पर कई मामलों का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर शुक्रवार को पिपरवार थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों के लोगों ने कई प्रकार की समस्या को प्रमुखता के साथ थाना दिवस में रखा, साथ ही समस्याओं के समाधान को लेकर अपना आवेदन जमा किया। थाना दिवस में जमीन से संबंधित मामला सहित अन्य कई प्रकार के मामले सामने आया। इस दौरान प्रशासन के द्वारा कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि कुछ मामलों के समाधान के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

इस संबंध में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार ने बताया कि आम जनता और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने और आम जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के उद्देश्य से चतरा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोग अपनी समस्या को रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के प्रत्येक थाना में थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों की समस्याओं के समाधान के अलावा उन्हें महिला उत्पीड़न के रोकथाम, दहेज प्रथा, बाल विवाह, डायन बिसाही, नशापन, नशीले पदार्थ की बिक्री पर रोक सहित कई प्रकार की जानकारी भी दी जा रही। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन होने से लोगों को कानूनी जानकारी प्रदान होती है,साथ ही आम जनता की समस्याओं का समाधान भी किया जाता है। उन्होंने थाना क्षेत्र के आम जनता से प्रत्येक शुक्रवार को थाना दिवस में शामिल होकर अपनी समस्या एवं शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

## इ-लॉटरी के माध्यम से हुई खूंटी जिले की 21 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को नयी उत्पाद नियमावली (2025) के अंतर्गत खूंटी जिले की 21 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। इस दौरान उपायुक्त आर रॉनिटा, अपर समाहर्ता, उत्पाद अधीक्षक खूंटी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस प्रक्रिया में दुकानों को नौ ग्रुपों में विभक्त किया गया था। बंदोबस्ती प्रक्रिया की शुरूआत जिले की उन तीन खुदरा उत्पाद दुकानों से की गयी, जिनके लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। इन दुकानों की लॉटरी डेमो के माध्यम से की गयी। इसके पश्चात सभी आवेदकों की उपस्थिति में शेष दुकानों की बंदोबस्ती ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी ढंग से संपन्न की गयी। प्रत्येक दुकान के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता घोषित किये गये। यदि प्रथम विजेता निर्धारित राशि जमा करने में असफल रहता है, तो क्रमशः द्वितीय और तृतीय विजेताओं को अवसर प्रदान किया जायेगा। इस लॉटरी प्रक्रिया में कुल 21 दुकानों के लिए 48 आवेदकों ने भाग लिया। बंदोबस्ती प्रक्रिया के प्रथम चरण में ही खूंटी जिला में शत प्रतिशत बंदोबस्ती हुई है। यह जानकारी उत्पाद कार्यालय खूंटी द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गयी बताया गया कि यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और निष्पक्ष रही, जिसमें ऑनलाइन ई-लॉटरी प्रणाली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।


## डकरा बी टाइप दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन, गोल्डन प्रसाद यादव बने अध्यक्ष



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा बी टाइप शिव मंदिर में बैठक कर दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक दिनेश कुमार गुप्ता महाप्रबंधक एनके एरिया, ललन प्रसाद सिंह, रघुवंश नारायण सिंह, कमलेश कुमार सिंह और संरक्षक के रूप में क्षेत्र के सभी स्टाफ अधिकारी, सभी परियोजनाओ के पदाधिकारी, एसीसी सदस्य, डीपी सिंह, प्रमोद पाठक, अरुण कुमार सिंह, बिगन सिंह भोगता को बनाया गया। वहीं गोल्डन प्रसाद यादव को अध्यक्ष, रणजीत सिंह, अवधेश राय, मनोज सिंह, सतनारायण चौबे, हरेदर सिंह, शशि सिंह, संटु सिंह, संजय कुमार सिन्हा को उपाध्यक्ष, संतोष मेहता, रंजन सिंह को महासचिव, धर्मेंद्र नाथ सिंह उर्फ मुन्नू सिंह को सचिव, राजेश सिंह, राजू कुमार सिंह, राकेश रंजन सिंह, शैलेंद्र सिंह प्रवीण चौहान, रामू सिंह, विक्की यादव, दीपक थापा, आदित्य, हरित लाल साहू, आनंद कुमार सिंह, दिवाकर शर्मा, शिवेंद्र नाथ सिंह को सह सचिव बनाया गया है। बबली सिंह, गुड्डू सिंह, रघुवीर केसरी, भारत थापा, संदीप सिंह को संगठन मंत्री, मनोज कुमार झा, अनिल कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष, संतोष मेहता को सह कोषाध्यक्ष चुना गया। राहुल कुमार, कमलेश प्रसाद शंभू कुमार मेहता मुख्य सलाहकार, परमानंद, राजा सिंह, किशन, उज्जवल सिंह,आदित्य, मनोज सिंह, सुशील को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। मीडिया प्रभारी में विनीत कुमार, सुनील कुमार, संजय गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, अनिल जी, पवन गुप्ता, आनंद कुमार सिंह को बनाया गया। पूजा प्रभारी में हरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, परमानंद, मुन्नू सिंह को बनाया गया।

# देवघर नगर निगम में पार्षदों ने उठाये भ्रष्टाचार के मुद्दे

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर नगर निगम में पार्षदों ने शुक्रवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर एक संयुक्त बयान जारी कर नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया है। पार्षदों ने मांग की है कि श्रावणी मेला 2025 से पूर्व सभी निविदाओं और मेले से संबंधित कार्यों की जांच की जाये और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। मुख्य मांगें - श्रावणी मेला 2025 से पूर्व सभी निविदाओं की जांच की जाए, जिसमें मेले के लिए निर्गत निविदा (निविदा पत्रांक संख्या 1047 दिनांक 21/05/2025) भी शामिल है।

मेले की सफाई व्यवस्था संचालन हेतु अधिकृत कंपनी के द्वारा किये गये असंतोषजनक कार्य की जांच की जाये और इनकी भुगतान राशि पर रोक लगाई जाये। श्रावणी मेला में किये गये लाइट आपूर्ति की निविदा की गुणवत्ता और लाइट की संख्या की जांच की जाये और सार्वजनिक की जाये। श्रावणी मेला से पूर्व खरीदे गये ब्लीचिंग पाउडर और चुना की मात्रा और आपूर्ति कर्ता की जानकारी सार्वजनिक की जाये। नगर क्षेत्र में वर्तमान में नियुक्त जमादारों की जानकारी दी जाए और जिन वार्ड में जमादार नहीं हैं, उनकी पदस्थापना जल्द की जाये। श्रावणी मेला में खरीदे गये सभी सामग्री की संख्या, वजन और मात्रा की जानकारी सार्वजनिक की जाये। पार्षदों का आरोप

पार्षदों ने आरोप लगाया है कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की है कि सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच की जाये और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये।

नगर निगम की कार्रवाई- नगर निगम के अधिकारियों ने पार्षदों की मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और नगर निगम के कार्यों में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया जायेगा। नगर निगम के अधिकांश वर्तमान परिषद उपस्थित थे, जिसमें मुख्य रूप से मैं कन्हैया झांकी अलावे शैलजा देवी, लक्ष्मी देवी, रवि रावत, मृत्युंजय राव, संतोष कुमार, अनुज कुमार, शहनाज परवीन, रेनू शराब, दिनेश यादव, कार्तिक यादव, बिहारी महतो, मिथलेश शरण मिश्र, सुभाष राणा और कई पार्षद उपस्थित थे, और सभा की डिमांड था कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार चाहे वह सफाई के मामले में हो लाइट के मामले में हो या अन्य क्षेत्रों में रोड नल का हो, अभी जैसे जाकर के पोखर का टेंडर हुआ बिना काम हुए भुगतान दने की प्रक्रिया चल रही है। सारे कार्यों की जांच हो और सबका जो है निष्पक्ष जांच कर दें। जांच नहीं होती है तब तक जो है, उसका भुगतान रुके। इस मामले में आगे की कार्रवाई और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

## डीएवी बुंडू फुटबॉल टीमों का शानदार प्रदर्शन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बोकारो में डीएवी बुंडू फुटबॉल टीमों का शानदार कौशल और अदम्य जज्बे का परिचय देते हुए, डीएवी बुंडू की अंडर-14 फुटबॉल टीम ने सेक्टर-6, बोकारो में डीएवी गुमला को 4-0 से हराकर दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप में स्थान पक्का किया। वहीं, एक रोमांचक मुकाबले में, अंडर-17 टीम ने डीएवी कथारा को टाई-ब्रेकर में 2-1 से हराते हुए राज्य फाइनल में प्रवेश किया, जो कल डीएवी सेक्टर-4, बोकारो में खेला जायेगा। प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और एस्कॉर्ट शिक्षक अविनाश महली, ऋषभ मंडल तथा कोच बिट्टू जायसवाल के अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

## भगवान कृष्ण की छठी पर जानकी रमण मंदिर में महिलाओं ने मनाया भव्य उत्सव



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जानकी रमण मंदिर परिसर में गुरूवार को भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धा-भक्ति के साथ किया गया। जन्माष्टमी के बाद छठी का यह पर्व भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महोत्सव में जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मीरा देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी, मुन्ना देवी, लता देवी और संगीता देवी सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने भगवान कृष्ण की छठी पर विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मौके पर श्रद्धालुओं के बीच पारम्परिक प्रसाद के अलावे खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में मुख्य पुजारी सवानंद दुबे के मार्गदर्शन में बिट्टू सिंह, अमरदीप राय, नागेंद्र प्रसाद सिन्हा, अवधेश यादव और बजरंगी केशरी, तुलसी राणा ने मिलकर व्यवस्था संभाली और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभायी।

## काउंसिल के महाधिवेशन कार्यक्रम में शामिल हुए पिपरवार क्षेत्र के लोग




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रांची के सीएमपीडीआई में आयोजित ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल इंडिया लिमिटेड का एक दिवसीय वर्किंग कमेटी सह अधिवेशन कोल इंडिया लिमिटेड का महाधिवेशन कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार एवं एनके एरिया क्षेत्र से कई लोग शामिल हुए। बताया गया कि कोल इंडिया स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, डब्ल्यूसीएल, एनसीएल और सीएमपीडीआई के प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य अतिथि मे काउंसिल के अध्यक्ष सह सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान, गोरेलाल पासवान, शैलेंद्र यादव, सुनील कुमार रूहारे, ओमप्रकाश लोहरा, इकबाल हुसैन, मीरा देवी सहित अन्य अतिथियों ने वीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा एवं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए महाधिवेशन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया। महाधिवेशन में मुख्य अतिथि आल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी इंप्लाइज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के चैयरमैन खोरवन सरदार ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग और संगठित रहने की आवश्यकता है। काउंसिल को सशक्त करने पर उन्होंने बल दिया। इस अवसर पर बृजकिशोर पासवान, गोरेलाल पासवान, इकबाल हुसैन, मनोज कुर्रे, सुनील कुमार रूहारे, शैलेंद्र यादव, मीरा कुमारी, कामेश्वर रविदास, नवीन यादव, राजकुमार महतो, प्रेमचंद गुरिया, प्रभु पासवान, इस्लाम वकील, रामेश्वर भोगता, तेजू रविदास, रामसद, रंथु सहित कई लोग मौजूद थे।

# कोयलांचल में झमाझम बारिश ने जनजीवन प्रभावित



### कोयलांचल क्षेत्र के नदियों का बढ़ा जलस्तर, दामोदर नदी के टेढ़ी पुल में आयी बाढ़, आवागमन हुआ बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार की सुबह से लेकर दिनभर कोई मूसलाधार बारिश ने जन जीवन को प्रभावित कर दिया है। तेज हवाओ के साथ झमाझम बारिश ने पूरे इलाके का मौसम सुहाना बना दिया है। बारिश से क्षेत्र का जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोयलांचल में झमाझम बारिश के साथ सुबह की शुरूआत हुई। इस बीच स्कूल आने जाने वाले बच्चों के साथ अभिभावक भी परेशान दिखे। बच्चे व उनके अभिभावक छाता व रेणकोट के सहारे स्कूल आते जाते देखे गये। वहीं कई बच्चे बारिश मे भींगकर स्कूल जाने को विवश दिखे। इधर बारिश के कारण क्षेत्र के सड़कों की सूरत बदल गयी है। ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है। लगातार दिन भर हुई मूसलाधार बारिश के कारण कोयलांचल क्षेत्र की सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर भी काफी बढ़ गया है। नदी, तालाब व कुंआ लबालब पानी से भर चुका है। बचरा सपही नदी, दामोदर नदी एवं गहरी नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया है, जिसके कारण नदियों बाढ़ आने का खतरा मंडरा रहा है। दामोदर नदी के टेढ़ी पुल में बाढ़ आने के बाद टेढ़ी पुल से आवागमण पुरी तरह से बंद हो गया है। जिसके कारण लोग अब उसके बगल के बड़े व ट्रांसपोर्टिंग पुल से आवागमन करने को मजबूर है।

### अत्यधिक हो रही बारिश से घर ध्वस्त



**ईचागढ़ (आजाद)।** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विरडीह गांव में शुक्रवार को मुकता देवी का घर अचानक ध्वस्त हो गया, जिससे मुकता देवी का परिवार बाल बाल बच गये। घर के अंदर रखे चावल, धान, व अन्य घरेलु सामान दब गया। ग्रामीण सुकदेव सिंह मुंडा ने बताया कि विरडीह गांव निवासी मुकता देवी पति उपेन सिंह मुंडा का कच्चा मिट्टी का घर शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अचानक ध्वस्त हो गया जिससे घर के अंदर मौजूद परिवार किसी तरह बाहर निकला। घर के अंदर रखे सभी सामान दब गया। उन्होंने बताया कि मुकता देवी का एक ही कच्चा मकान था जिसमें सभी परिवार के लोग रहते थे। अभी घर ध्वस्त हो जाने से उनका परिवार बेघर हो गए है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवाजा राशि भुगतान करने का मांग किया है।

### मिट्टी का घर गिरा, व्यक्ति की दब कर मौत

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह नहर किनारे एक मिट्टी का घर गिरने से उसमें दबकर श्याम चांद महतो उम्र लगभग 60 वर्ष की दबकर मृत्यु हो गयी। घटना शाम की है। वह जानमपिडी गांव का रहने वाला था। कुछ सालों से नहर किनारे एक मिट्टी के घर में रहता था। खबर पाकर मुखिया अनीता देवी ने इसकी सूचना तमाड़ पुलिस को दी, वह सलगाडीह में एजेंटी का काम करता था।

## श्रद्धालुओं का जत्था तारापीठ के लिए रवाना



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों से श्रद्धालु भक्तों का जत्था शुक्रवार को तारापीठ मे मां तारा देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। जानकारी के अनुसार भादो मास के कोशिकी अमावस्या के शुभ अवसर पर पिपरवार क्षेत्र से श्रद्धालु तारापीठ पहुंचकर मां तारा देवी की पूजा अर्चना की और मां तारा से पिपरवार कोयलांचल सहित पूरे राज्य एवं देश की सुख, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। तारापीठ मे मां तारा देवी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से पिपरवार सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण कुमार मंडल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, मदनमोहन साहू, गुड्डू गंझु, भोला गुप्ता, विजय महतो, नरेश साहू, लालदेव तुरी, बबलू उरांव, सुभाष कुमार, विनोद साव, अरुण साहू, अशोक साहू, उमेश यादव, संतोष यादव, पवन गुप्ता, काशीनाथ महतो, सरवन महतो, विजय महतो, उमेश महतो, राजेश सिंह चौहान, बालेश्वर उरांव, गणपति महतो, कैलाश महतो सहित अन्य श्रद्धालुओं का नाम शामिल है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 23 अगस्त, 2025
www.azadsipahi.in


## मारुति मंगल परिवार का उद्देश्य समाज से सभी कुरीतियां खत्म हों : विक्रम महतो



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो रांची जिला प्रभारी संजय कुमार खूंटी जिला प्रभारी पवन कुमार सिमडेगा जिला प्रभारी जीत पाहन प्रजापति के नेतृत्व में मारुति मंगल परिवार के सदस्यों ने नए सदस्य बनाने के लिए शुक्रवार सदस्यता अभियान चलाया गया। जहां प्रखंड मुख्यालय सहित बेड़ो के जरिया,हरिहरपुर जामटोली,पुरियो,केशा, चचकोपी मारुति मंगल परिवार के सदस्यों संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए संस्था का सदस्य बनने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। वहीं दर्जनों लोगों ने अपने स्वेच्छा से मारुति मंगल परिवार के सदस्यता ग्रहण करने हेतु अपनी उत्सुकता जाहिर किया। मौके पर विक्रम महतो ने कहा कि मारुति मंगल परिवार समाज सेवा के कार्य में तत्परता के साथ जुटी है। जो समाज में फैली कुरीतियों को हटाने में बेहतर कार्य रही है। उन्होंने कहा संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए हैं। समाज में फैली कुरीतियों को दूर हटाने के प्रति संस्था कृत-संकल्प है। हमारी संस्था का यही प्रमुख उद्देश्य है कि समाज से सभी कुरीतियां खत्म हों और समाज का कल्याण हो। मारुति मंगल परिवार एक छोटे से गांव से शुरू हुआ और आज सात जिलों में समाज हित में सराहनीय कार्य कर रहा है। संस्था के सचिव सुमेश महतो ने कहा संस्था के सदस्य विभिन्न गांवों में जाकर लोगों के बीच सामाजिक कुरूतियों, नशापान, जुआ,दहेज प्रथा, बाल विवाह व शिक्षा के महत्व पर ग्रामीणों को जागरूक करते हैं। जिससे लोगों का आर्थिक, सामाजिक एवं नैतिक पतन नहीं हो।

## आठ घंटे के अंदर लुंबा उरांव हत्याकांड का उद्भेदन

# पत्नी समेत दो आरोपी गिरफ्तार

- यूट्यूब से सीखा था मारने का तरीका

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिठोरिया।** पुलिस ने पिठोरिया थाना क्षेत्र में हुए लुंबा उरांव हत्याकांड को सिर्फ आठ घंटे में सुलझा लिया है। डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी गीता देवी और उसके प्रेमी इरफान अंसारी को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिल कर लुंबा उरांव की हत्या की थी, क्योंकि वह उनके अवैध संबंध में बाधा बन रहा था।

शुक्रवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 20 अगस्त को पिठोरिया थाना क्षेत्र में लुंबा उरांव का शव मिला था। इस घटना के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसका नेतृत्व ग्रामीण एसपी कर रहे थे। पुलिस टीम ने जांच शुरू की और 21 अगस्त को दो आरोपियों, इरफान अंसारी कांके और गीता देवी लुंबा उरांव की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वजह और तरीका गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

उन्होंने बताया कि पिछले आठ सालों से उनके बीच प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इसका लुंबा उरांव विरोध कर रहा था। इसी वजह से दोनों ने मिल कर उसकी हत्या की साजिश रची। योजना के तहत गीता देवी ने 19 अगस्त को अपने देवर के फोन से लुंबा को फोन किया और उसे कांके में किराये का मकान दिखाने के बहाने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पास बुलाया। 20 अगस्त को जब लुंबा वहां आया, तो इरफान उसे अपने साथ ले गया।

इरफान यूट्यूब से नशीला दवाई खिला कर मारने का तरीका सीखा था। उसने पहले लुंबा को बहुत ज्यादा शराब पिलाई और अमूल कुल में नशीली दवा मिला कर दी। जब लुम्बा बेहोश हो गया, तो इरफान ने उसे अपनी मारुति ओमनी कार में बैठाकर गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने शव को मौवनाजारा-सिमलबेड़ा रास्ते पर फेंक दिया। पुलिस ने जांच के दौरान हत्या में इस्तेमाल की गयी मारुति ओमनी कार संख्या- जेएच 01डीए-4186) और एक मोटरसाइकिल संख्या- जेएच 01सीआर-2403 को जब्त कर लिया है। इसके अलावा, घटनास्थल से 8 पीएम शराब की खाली बोतल, अमूल कुल के दो खाली डिब्बे, और नींद की गोलियों के खाली पत्ते भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिये हैं, जिनसे उन्होंने एक-दूसरे से संपर्क किया था। पुलिस के मुताबिक लुंबा की पत्नी गीता देवी पिछले डेढ़ साल से इरफान के साथ रह रही थी और उसने अपने पति की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए गांव में उसके कमरे में एक सीसीटीवी कैमरा लगवा रखा था। इस कैमरे का एक्सेस उसके और इरफान के फोन पर था।

## धान व्यापारी से लूट के बाद बेड़ो के व्यापारियों में हड़कंप

ग्रामीणों में चर्चा, अपराधियों के पास थे कार्बाइन जैसे बड़े हथियार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो में धान व्यापारी से गुरुवार को हुई दिन दहाड़े 41000 हजार रुपये की लुट के बाद बेड़ो के व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वही पुलिस पूरी तरह मुस्तैद होकर अपराधियों की धर पकड़ को लेकर लगातार छापामारी अभियान चला रही है। बेड़ो पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से धान व्यापारी के मोबाइल को थाना क्षेत्र के केनाभिट्टा गांव से बरामद कर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे बेड़ो की ओर से अपने गांव जा रहा था तभी पुरना पानी सड़क के डिवाइडर पर उन्होंने मोबाइल देखा और मोबाइल को उठाकर अपने साथ अपने घर ले गया।

इधर बाइक सवार अपराधियों के पास रखें हथियार को लेकर भी बेड़ो में दिन भर चर्चा होती रही कि अपराधियों के पास कार्बाइन जैसे बड़े हथियार थे। हालांकि बेड़ो पुलिस इस संदर्भ में हथियार को लेकर गहन जांच पड़ताल में जुट गयी है।

इधर बेड़ो पुलिस के एसआई अनील टोप्पो ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक को पूछताछ के बाद घर के लिए छोड़ दिया गया है। बेड़ो पुलिस बहुत जल्द सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चिन्हित कर अपराधियों की धरपकड़ को लेकर लगातार छापामारी कर रही है।

## रिनपास : कल होनेवाली नियुक्ति परीक्षा स्थगित

जयति सिमलई के कार्यकाल में खरीदारी व नियुक्ति की जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांके।** रांची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) एक बार फिर सुर्खियों में है। कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, स्वास्थ्य सचिव एवं रिनपास निदेशक को ज्ञापन देकर रिनपास में संविदा पर 24 अगस्त को विभिन्न पदों पर होने वाली नियुक्ति परीक्षा को अविलंब स्थगित करने की मांग की थी। इसी के आलोक में रिनपास के प्रभारी निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह ने कार्यालय आदेश निकाल कर इस परीक्षा को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया है।

बताते चलें कि विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी और स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह सहित अन्य को इस संबंध में प्रखंड अध्यक्ष संजर खान ने गुरुवार को पत्र लिख कर यह मांग की। संजर ने कहा कि 2002 के बाद से संस्थान में स्थाई पदों पर बहाली नहीं हुई है। रिनपास में 19 साल से स्थायी निदेशक तक नहीं है। कहा कि संस्थान में स्वीकृत पदों के विरुद्ध भी महज 20 से 30 फीसदी स्थायीकर्मी और अधिकारी बचे हैं। कहा कि ऐसी स्थिति में साइकियाट्रिक नर्स, मेल और फीमेल वार्डर, इसीजी टेक्नीशियन, लाइब्रेरियन, रिकार्ड कीपर, साइकोलॉजी प्रयोगशाला सहायक, अकाउंट क्लर्क आदि के पदों पर संविदा पर नियुक्ति करना उचित नहीं है। अब इस पर स्थायी बहाली होनी चाहिए। कॉन्ट्रैक्ट का यह विज्ञापन वर्ष 2023 में निकाला गया था।

**मांग पत्र में प्रखंड अध्यक्ष का आरोप :** संजर खान ने आरोप लगाया कि 24 अगस्त को होने वाली लिखित परीक्षा में किनका चयन किया जाना है, वह पहले से ही तय है। जिन अभ्यर्थियों को चयनित किया जाना है, उनकी सूची पहले से ही तैयार कर निर्वतमान प्रभारी निदेशक डॉ. जयति सिमलई, दंत चिकित्सक डॉ भुवन ज्योति, विनय कुमार, मनोज कुमार ने परीक्षा कराने वाली एजेंसी को पहले ही भेज दिया है। इनमें रिनपास के कुछ कर्मियों और स्वास्थ्य विभाग के सगे संबंधियों का नाम है। यह परीक्षा सिर्फ दिखावा है। नौकरी पाने वाले लोगों से बड़ी राशि की वसूली भी कर ली गयी है।

## सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर के विरोध में भाजपाइयों का कैंडल मार्च



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सूर्या हांसदा फर्जी एनकाउंटर के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को गोंदलीपोखर में पेट्रोल पंप से लेकर शहीद निर्मल महतो चौक तक कैंडल मार्च निकाला। इसका नेतृत्व पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने किया। मौके पर रामकुमार पाहन ने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा सूर्या हांसदा को खनन माफियाओं के इशारे पर फर्जी मुठभेड़ में मार दिया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि पुलिस और खनन माफियाओं के गठजोड़ के कारण सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर किया गया। उन्होंने घटना की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि सूर्या हांसदा जल जंगल जमीन को बचाने तथा माफिया तत्वों के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रहे थे। इस आंदोलन को दबाने के लिए उनकी हत्या की गई। कहा कि राज्य सरकार द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच कराया जाना चाहिए। मौके पर डॉ रिझू नायक, नरेश साहू, सुनील महतो, राजेंद्र महतो, सिकंदर अंसारी, शिवशंकर केसरी, अगमलाल महतो, अजय भोक्ता, रोहित करमाली, पुशनाथ मुंडा, शिबू मुंडा, सुप्रेश महतो, घनेनाथ महतो, शिवलाल पाहन, बिरजा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## वज्रपात से तीन मासूमों की मौत

अंतिम संस्कार में पहुंचे जिपस आशुतोष तिवारी और भाजपा नेता सन्नी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** प्रखंड के होंदपिड़ी गांव में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से तीन नाबालिग बच्चियों की मौत हो गयी। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। इन बच्चियों का आज नम आंखों से अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में पहुंचे जिपस आशुतोष तिवारी और भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने सांत्वना दी। होंदपिड़ी गांव में बच्चियों का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान, गांव के सैकड़ों लोग और आसपास के क्षेत्रों से आये लोग मौजूद थे। इस दुख की घड़ी में जिपस आशुतोष तिवारी के साथ भाजपा नेता सन्नी टोप्पो भी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि वे इस कठिन समय में अकेले नहीं हैं और उन्हें हरसंभव सहायता दी जायेगी।

बताते चलें कि गुरुवार की शाम कॉन्सटेंट लिवनस हॉस्पिटल मांडर पहुंच कर ज़िला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी परिजनों से मिल कर संतावना देते हुए रिमस भेजने के लिए निजी कोष से एंबुलेंस की व्यवस्था करायी थी।

**वज्रपात से गयी इन मासूमों की जान :** वज्रपात की चपेट में आने से परी उरांव, 5 वर्ष, पिता सुखदेव उरांव, बसंपती उरांव, 11 वर्ष, पिता शिवनाथ भगत और अंजलिका उरांव, 10 वर्ष, पिता सतीश उरांव शामिल हैं। इसी घटना में एक 3 वर्षीय बच्चा, अयांश उरांव, पिता प्रकाश भगत, घायल हो गया है, जिसका इलाज चल रहा है। सभी बच्चे होंदपिड़ी गांव के ही रहने वाले थे।

## आरकेडीएफ विवि में तनाव प्रबंधन और मेडिटेशन पर कार्यशाला




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची में शुक्रवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत तनाव प्रबंधन एवं मेडिटेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस चटर्जी के प्रेरणादायक संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता समझाते हुए कहा कि तनाव से मुक्ति और आत्म-नियंत्रण ही नशे से दूर रहने का प्रभावी उपाय है। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में मेडिटेशन एवं राजयोगा ट्रेनर ब्रह्माकुमारी इंदु बहन ने कहा कि आज के युवाओं का नशा की ओर ज्यादा झुकाव हो रहा है। जिसके लिए शैक्षणिक कार्य क्षेत्र में भी विशेष संतुलन और सामंजस्य लाने की जरूरत है। इस कार्य हेतु सर्वप्रथम स्वयं के मन को शांत, स्थिर और सशक्त रखने की कला का ज्ञान और उसका अभ्यास अति आवश्यक है। इसके लिए राजयोग को सर्वोत्तम माध्यम बताया।

इस कार्यशाला में शिक्षकों के साथ छात्रों को तनाव प्रबंधन की तकनीकें सिखाई। जिसमें गहरी सांस लेने के अभ्यास, माइंडफुलनेस मेडिटेशन और शरीर-मन संतुलन को बेहतर बनाने वाले योग अभ्यास शामिल थे। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और खुले मन से अपने अनुभव साझा किया। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ अमित कुमार पांडे ने भविष्य में भी इस प्रकार की जागरूकता और मानसिक स्वास्थ्य को केंद्र में रखकर कार्यशालाओं के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्ति के साथ मानसिक तनाव से मुक्ति दिलाना, सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देना एवं नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना था।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में एंटी ड्रग कमेटी के नोडल पदाधिकारी डॉ मैनाक बनर्जी की सराहनीय भूमिका रही।

## ठनका के चपेट में आकर मवेशी की मौत

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** पिठोरिया थाना के इचापिड़ी, पिरूटोला निवासी किसान जफर अंसारी की दुधारू गाय ठनका की चपेट में आ गयी, जिससे घटनास्थल पर ही गाय की मृत्यु हो गयी। किसान जफर अंसारी इसी गाय पर आश्रित था दूध बेचकर परिवार का भरन पोषण करता है। इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। प्रखंड पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों से आर्थिक मुआवजा की आवश्यकता है।

## 'पेसा अधिनियम' आदिवासी स्वाभिमान और संप्रभुता का प्रतीक : दीपक बड़ाइक

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा को अधिकार संपन्न और जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा शुक्रवार को ओरमांझी प्रखंड मुख्यालय में पेसा अधिनियम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के पहले दिन ग्राम प्रधानों एवं मोबिलाइजर को पेसा कानून के प्रावधानों, ग्राम सभा की शक्तियों, जिम्मेदारियों और उनके अधिकारों पर विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य प्रशिक्षक ओरमांझी मुखिया दीपक बड़ाइक ने बताया कि पेसा अधिनियम सिर्फ कानून ही नहीं, आदिवासी स्वाभिमान और ग्राम सभा की संप्रभुता का प्रतीक है। जल, जंगल, जमीन की रक्षा और विकास योजनाओं में ग्राम सभा की भागीदारी सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन से ही ग्रामीण समाज आत्मनिर्भर बन सकेगा। प्रथम दिन के प्रशिक्षण सत्र का संचालन मुख्य प्रशिक्षक एवं प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष दीपक बड़ाइक और नजमुल हक ने संचालन किया। प्रशिक्षक नजमुल ने कहा कि पेसा कानून आदिवासी क्षेत्रों में लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण और पारदर्शी शासन के लिए जरूरी है क प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान रामकिशन मुंडा, बाप्ता पाहन, सीताराम मुंडा, अमरनाथ भोक्ता, रेखा गुप्ता, रायुम अंसारी, कामेश्वर कुमार महतो, रामा साहू, सोहन मुंडा, मुबारक अंसारी, शंकर मुंडा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला का समापन शनिवार को होगा, जिसमें पेसा कानून के तहत ग्राम विकास की रणनीतियों और व्यावहारिक क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

## पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रखंड सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत से संबंधित कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को पंचायत उन्नति सूचकांक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पंचायतवार विकास की रूपरेखा तैयार करना है। एक ऐसी रूपरेखा जहां एक-एक विषय पर पंचायत का विकास किए जाने की संभावना तलाश कर इन संभावनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाना है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज विभाग द्वारा इसके कई थीम बनाए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से गरीबी उन्मूलन, बेहतर आजीविका, संपूर्ण स्वास्थ्य, बाल विकास, पंचायत की बेहतर संरचना, ग्रामीण हरित योजनाएं एवं संभावनाएं, सामाजिक रूप से सुरक्षित पंचायत समेत अन्य विषय विभाग द्वारा शामिल किया गया है। वहीं मौके पर पंचायत उन्नति सूचकांक के संबंध में विभाग की अनिमा बारला ने प्रत्येक बिंदुओं की चर्चा करते हुए लोगों को विषय वस्तु के संबंध में जानकारी दी। वहीं मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, प्रखंड नाजिर कुमार रितेश, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, अभय आशीष कोया,अभय खलखो, सौरभ कुमार,जय किशोर, संजीव दुबे एवं निरोज लकड़ा समेत प्रखंड के सभी कर्मी, पंचायत सेवक,जन सेवक आदि मौजूद थे।

## एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# योजनाओं की जानकारी देना ही नालसा का उद्देश्य : राजेश सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर तथा न्यायायुक्त सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में गुरुवार को एचआरडीसी, जीइएल चर्च कम्पाउंड, रांची में सामुदायिक सुरक्षा योजनाओं में सक्रिय नेतृत्व भागीदारी पर एक दिवसीय क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मौके पर संविधान के अनुच्छेद-41 और अनुच्छेद-21 की व्याख्या करते हुए नालसा के द्वारा संचालित 10 विधिक सेवा योजनाओं के बारे में लोगों को प्रशिक्षित किया। इसके अलावा उन्होंने सामाजिक सुरक्षा में डालसा रांची की भूमिका, निःशुल्क विधिक सहायता एवं जेजेबी अधिनियम, बाल विवाह, बाल मजदूरी, डायन प्रथा, नशा उन्मूलन, पेंशन योजना, स्पॉन्सरसीप योजना, दिव्यांगजनों के अधिकार आदि के बारे में भी प्रकाश डाला। श्री सिन्हा ने वरिष्ठ एवं वरिष्ठतम व्यक्तियों के अधिकार पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं, असंगठित मजदूरों के अधिकार व प्रावधानों से भी उन्हें अवगत कराया। नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 की भी जानकारी दी गई। मौके पर डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी ब्रजेश कुमार महतो, सूरज कुमार वर्मा, मुन्नी देवी, राजा वर्मा, विद्यालय के छात्र छात्राएं नरेन कुमार, स्मृति कुमारी, सोनी कुमारी, सुरभि भारती, रिया कुमारी, तृप्ति शिखा सहित अन्य उपस्थित थे।

## बेड़ो के कोकड़े गांव में जंगली हाथी ने एक घर को किया ध्वस्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कोकड़े गांव में एक विशालकाय जंगली हाथी ने शुक्रवार की अहले सुबह करीब चार बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने बासु मुंडा के घर को ध्वस्त कर दिया। हाथी ने घर की दीवारें और छत तोड़ दीं, जिससे पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। घर के अंदर मौजूद बासु मुंडा की पत्नी गीता मुंडा, बेटी श्वेता मुंडा और बेटा अंश मुंडा ने किसी तरह घर की दीवारों को टूटते देख तुरंत बाहर की ओर भागे। जिससे उनकी सूझबूझ और तत्परता से उनकी जान बच गई। बासु मुंडा ने बताया कि एक विशालकाय जंगली हाथी वर्षा के दौरान गांव आ धमका। इसके बाद हाथी ने उत्पात मचाते हुए मेरे घर को ध्वस्त कर दिया। जिससे घर में रखे धान,गेहूं, एस्बेस्टस समेत अन्य घरेलू सामान क्षतिग्रस्त हो गए। वही घर को हाथी द्वारा ध्वस्त करने से वर्षा के दिनों में हमें रहने के लिए परेशानी हो गया है।

# जन शिकायत निवारण शिविर में कई मामलों का त्वरित निबटारा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस जन संवाद कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने भाग लिया और अपनी व्यथा, समस्याएं एवं आवश्यकताओं को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया।

**उग्रवादी हिंसा में मारे गये व्यक्ति की पत्नी ने उपायुक्त से मदद की लगायी गुहार :** रायडीह प्रखण्ड निवासी आवेदिका ने बताया कि उनके पति प्रसाद साहू की हत्या 18 फरवरी 2025 को उग्रवादियों द्वारा कर दी गयी। पति की मृत्यु के बाद उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनके चार बच्चे हैं, जिनके पालन पोषण में भी समस्या आ रही है। उन्होंने उपायुक्त के समक्ष अपनी पीड़ा बतायी। उनका कहना है कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजना तथा जीवकोपार्जन हेतु रोजगार उपलब्ध कराया जाये, ताकि वे अपने बच्चों सहित सही से जीवन यापन कर सकें।

इनके आवेदन पर मानवीय संवेदना व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने उन्हें सभी आवश्यक सहयोग एवं योजनाओं का लाभ देने की बात कही तथा संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिये।

**वन विभाग द्वारा निर्माणाधीन आवास को क्षतिग्रस्त किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई :** घाघरा निवासी ने बताया कि उन्हें पीएम जनमन आवास योजना का लाभ मिला है, जिसका निर्माण वे अपनी जमीन पर कर रहे हैं। किंतु 13 अगस्त 2025 को वन विभाग द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के उनके निर्माणाधीन मकान को तोड़ दिया गया, जिससे उन्हें आर्थिक तथा मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना से आहत आवेदक ने क्षतिपूर्ति हेतु वन विभाग से मुआवजा राशि की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें मुआवजा राशि दी जाये, जिससे वे पुनः मकान निर्माण का कार्य प्रारंभ कर सकें। इनके आवेदन को देखते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने संबंधित विभाग तथा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है।

जन शिकायत निवारण दिवस में जमीन से जुड़े मामले, जमीन विवाद, सामाजिक पेंशन,करम पर्व हेतु राशि, रोजगार सहायता आदि विषयों से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए।

उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से पढ़ा और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि समयबद्ध, पारदर्शी एवं मानवीय दृष्टिकोण से सभी समस्याओं का समाधान करें।

## ठनका गिरने से वृद्ध महिला की मौत



**जुर्मू (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार की दोपहर जुर्मू गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब आकाशीय बिजली (ठनका) गिरने से 70 वर्षीय वृद्धा बीरतीला तिर्की की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना उस समय हुई जब वे गांव के बाहर अपने मवेशियों को चराने गयी थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर के समय मौसम अचानक बिगड़ गया और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गयी। इसी दौरान ठनका गिरा, जिसकी चपेट में आकर बीरतीला तिर्की की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना प्रशासन और मुखिया को दी। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया है। गांव के मुखिया प्रदीप मिंज ने बताया कि घटना की जानकारी ली , ताकि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध करायी जा सके। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक मदद प्रदान की जाये।

## ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक कल



**सिसई (आजाद सिपाही)।** ओबीसी आरक्षण संघर्ष समिति गुमला का 24 अगस्त को एक महत्वपूर्ण बैठक होना तय हुआ है। जिसमें सात जिला के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। दिन बृहस्पतिवार को सिसई प्रखंड के समाजसेवी बलदेव साहु के बसिया रोड स्थित आवास में आवश्यक बैठक किया गया। बैठक में आगामी 24 अगस्त दिन रविवार को भरनो प्रखंड के करंज गांव के बाजार टाड़ में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि झारखंड के सात जिलों में ओबीसी समाज का आरक्षण को शून्य कर दिया गया है। जिससे लोग आक्रोशित हो गये हैं। सरकार को कई बार कहने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। 24 अगस्त को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा, लातेहार, दुमका, पश्चिमी सिंभूम के प्रतिनिधि शामिल होंगे। समिति के लोगों ने सभी ओबीसी समाज के लोग से बैठक में भारी से भारी संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है। बैठक में बलदेव साहु, हरिचंद्र साहु, आशीष साहु, सुरेंद्र साहु,किशोर साहु, पंकज साहु, कलेश्वर साहु,पन्ना वर्मा, मनोज वर्मा, भोला सिंह, अमर सिंह, बसंत जायसवाल, बिपता गोप, गोपेश्वर महतो, सहित भारी संख्या में ओबीसी समाज के लोग मौजूद थे।

## बरगांव सोंगरा में पांच खस्सी की चोरी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरगांव सोंगरा गांव निवासी संजय राम का तीन और छोटेलाल राम का दो खस्सी को दिन बृहस्पतिवार के रात्रि में अज्ञात लोगों ने गौवशाला घर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। पीड़ित किसान संजय राम ने दिन शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि बेटी का शादी के लिए खस्सी को रखा था। चोरी हो जाने से किसान को भारी नुकसान हुआ है। वहीं उन्होंने बताया कि दिन बृहस्पतिवार को सुबह से ही बारिश होने के कारण दोपहर 2 बजे सभी बकरियों को घर के अंदर किया था। रात्रि 8 बजे के लगभग गौशाला का दरवाजा को बंद कर सोने के लिए चला गया था। रात्रि करीब एक बजकर 30 मिनट के लगभग बकरियों का जोरदार रोने का आवाज सुनकर उठा और देखना चाहा लेकिन घर का निकासी दरवाजा बाहर से बंद किया हुआ हैं। तब वह दूसरा दरवाजा से बाहर निकलने तक चोर चार चक्का गाड़ी में बकरी को लेकर सिसई की भाग गये। हो हल्ला करने के बाद परिवार के अन्य लोग बाहर निकले। इन दिनों सिसई थाना क्षेत्र में चोरी और नशा खोरी की घटना बढ़ गई हैं। यदि इस कि घटना पर प्रशासन अंकुश लगा कर कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करती है। तो आए दिन किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़े सकता है।

## तेतरा से 14 वर्षीय बच्चा लापता, परिजनों ने लगायी खोजबीन की गुहार



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव तेतरा निवासी अलेकस तिर्की उम्र 14 वर्षीय एक बच्चा विगत 19 अगस्त 2025 से लापता है। परिजनों ने बसिया थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। लापता बच्चे की माता शीलवंती तिर्की ने बताया कि उसका पुत्र अलेकस तिर्की जो संत जोन मेरी मियानी कोनबीर नवाटोली स्कूल में पढ़ता है विगत 19 अगस्त को सुबह 7 बजे स्कूल जाने के लिए अपने घर के पीछे दातुन कर रहा था। जब मैं उसे स्कूल जाने के लिए बुलाने गयी तो अलेकस वहां नहीं था। मैं आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की पर कहीं नहीं मिला, रिस्तेदारों के घर भी पूछताछ की पर मेरा बेटा वहां भी नहीं है। अलेकस तिर्की उम्र 14 वर्ष पिता अमर प्रकाश तिर्की ग्राम तेतरा थाना बसिया जिला गुमला है। हुलिया 5.5 फीट लंबा, रंग सांवला, कपडा काला हाफ टीशर्ट, काला हाफ सोरस,पैर में काला क्रोस (चपल) पहना हुआ है। वहीं बसिया पुलिस से ढूंढने के लिए मदद की गुहार लगायी गयी है।

## वन रक्षा बंधन से पौधों के प्रति अपनत्व की भावना आती है : अनिरुद्ध चौबे



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वन रक्षा बंधन से ग्रामीणो में आती है ,पौधो के प्रति अपनत्व की भावना, उक्त बातें अनिरुद्ध चौबे, समन्वयक बिरसा हरित चेतना अभियान, वन प्रमंडल गुमला ने पकनी पाठ ,चैनपुर में वन रक्षा बन्धन के अवसर पर कहा। उन्होंने बताया कि कुरुममगड रेंज के 30 और रायडीह बिट के 25 गांवों में ये कर्यक्रम चल रहा है वन रक्षा बंधन में ग्रामीण मातायें कासां की थाली ओर लोटे से भरे जल लेकर जंगल पहुचती हैं , ततपश्चात पाहन और पुजार आदिवासी रीति रिवाज से पेड़ो की पूजा कराते है, प्रसाद बंटा जाता है, पेड़ो को राखी बंधा जाता है माताएं आदिवासी भाषा मे मंगल गान करती है पूरे गांव में उत्सव का माहौल रहता है। ज्ञात हो कि वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर के निर्देशनुशार जिले के 55 गांवों में , वन और वन जीव संरक्षण, जंगल के सांस्कृतिक महत्व , जैव विविधता मित्र गांव, सप्ताहिक बैठक, ग्राम वन प्रबन्धन एवम संरक्षण समिति का गठन,जंगल और विकास के नए मार्ग इत्यादि पर कार्य हो रहा है। इस अवसर पर शुभाष महतो, छोटू उरांव, गोवर्द्धन गोप, राजू मुंडा, विष्णु यादव,मिना देवी, पुष्पा देवी सनियरो देवी आदि ग्रामीण उपिथित थे।

## स्कूटी का हैंडल लॉक होने से दो बच्चे समेत चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित बघिमा टुकु टोली के पास स्कूटी का हैंडल लॉक होने से एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गये। घटना गुरुवार की शाम 7 बजे की है। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां सभी का इलाज चल रहा है।

## अराजपत्रित कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय घेरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, जिला शाखा गुमला ने शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। महासंघ ने आरोप लगाया कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा 2025 (नियमित भर्ती) के लिए आवश्यक नौ वर्षों के अनुभव एवं स्वच्छता प्रमाण पत्र सही तरीके से निर्गत नहीं किए जा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सिविल सर्जन, गुमला के हस्ताक्षर से निर्गत प्रमाण पत्रों में कई गड़बड़ियां सामने आयी हैं। कई आवेदकों के प्रमाण पत्र गलत बनाये गये या फिर लंबित रखे गए जिससे अभ्यर्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घेराव के दौरान हुई वार्ता में सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि सभी लंबित अनुभव प्रमाण पत्र शीघ्र ही जारी कर दिये जायेंगे। मौके पर महासंघ के अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह, सचिव भूपेश कुमार, उपाध्यक्ष विक्रम कुमार, अभिनव कुमार, सुनीता देवी, भूषण कुमार समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## लॉटरी से 15 शराब दुकानों की पांच समूह में बंदोबस्ती



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उत्पाद विभाग द्वारा जिले में संचालित शराब दुकानों की बंदोबस्ती शुक्रवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लाटरी के माध्यम से किया गया। जिले में कुल 15 दुकानें संचालित है। जिसकी बंदोबस्ती पांच समूहों में तीन-तीन के माध्यम से किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि सरकार के गाईड लाइन के अनुसार नये उत्पाद नीति के तहत जिले के शराब दुकानों की बंदोबस्ती पूरी कर ली गई। शराब दुकानों के लिए 89 आवेदन मिले थे। जिसमें लाटरी के माध्यम से पांच समूहों को बंदोबस्ती मिली। उन्होंने कहा कि अब आगे की प्रक्रिया के तहत कागजातों की स्क्रुटनी की जाएगी। जिसके बाद दुकान बंदोबस्त लेने वाले समूहों को जमानत व एडवांस राशि जमा करनी होगी। उसके उपरांत उन्हें दुकान मिलेगा। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि शराब दुकानों की बंदोबस्ती से एक वर्ष में सरकार को 57 करोड़ रुपए राजस्व की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव ने मजदूरों की गुमशुदगी की सीबीआइ जांच को जरूरी बताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के भूषण भगत ने वीडियो के माध्यम से साझा करते हुए बताया कि मजदूरों का गायब होना चिंता का विषय है। झारखंड में प्रत्येक साल लगभग 30 लाख लगभग मजदूर राज्य के अलग-अलग हिस्सों में काम करने के लिए जाते हैं कहीं पर मजदूरों को बंधक बना दिया जाता है। कभी-कभी मजदूरों को अपना भुगतान के लिए भी कंपनियां और दलालों के चक्कर में फंसना पड़ता है भुगतान भी नहीं मिलता है। कभी-कभी रेलवे स्टेशन से मजदूर गायब हो जाते हैं। कभी बस स्टैंड से मजदूर गायब हो जाते हैं। कभी-कभी मजदूर रेलवे के ट्रैक पर भी गिरे हुए हैं जहां पर मृत पड़े रहते है। बहुत ऐसे मजदूर जो लगातार पलायन होकर अलग-अलग शहरों में जाकर गायब हो जा रहे हैं तो यह बहुत गंभीर जांच एवं चिंतनीय विषय है। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री को पत्राचार के माध्यम से मामलो को अवगत भी कराया जायेगा कि जहां मजदूर गायब हो रहे हैं वैसे कंपनियों और वैसे कार्य स्थल के जगहों को चिन्हित कर पूरी तरीके से जांच करें और सीबीआइ इंक्वारी भी करें जिससे कि जो मजदूर गायब हो रहे हैं वैसे मजदूर को सकुशल बरामद भी किया जा सके और जो दूर गायब हुए हैं उनको वापस अपने घर सुरक्षित लाया भी जा सके । जिन मजदूरों की दुर्घटना या हत्या या बहुत ऐसे आप अप्रत्याशित घटना घटती है वैसे परिवारों के घरों तक प्रशासन पहुंचे और पूर्ण जानकारी लें जिससे कि मजदूरों को सुरक्षित रखा जा सके। भूषण भगत ने बताया कि वर्तमान समय में बहुत सारे ऐसे तस्करों के सिंडिकेट होंगे जो मजदूरों को गायब कर रहे होंगे। यह बहुत चिंतनीय विषय है और जांच की विषय है झारखंड सरकार एक कमेटी गठित करें और सीबीआइ को भी पत्राचार करें।

## अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट में नागपुर की टीम जीती

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड में खेलो झारखंड 2025-26 अंतर्गत अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। पहला मुकाबला राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोड़ा टांगर और नागपुर विद्यालय के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में नागपुर की टीम ने घोड़ाटांगर को 2-0 से हराकर जीत दर्ज की। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पुष्पा टोप्पो तथा वरिष्ठ शिक्षकों में सदैव प्रताप जायसवाल, भगवान दीक्षित, राणा भीम सिंह, मनोज तिवारी, रोहित खेस, बसंत कुमार साहू, अवधेश शेखर, महावीर महतो, रवि भगत, पवन किंडो, अनुपम कुमार, संजय मिश्रा, रंजीत कुमार सिंह और बबीता कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ाती हैं। उन्होंने बच्चों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र शामिल हुए। पूरे मैदान में उत्साह का माहौल रहा। मैच के दौरान बच्चों की प्रतिभा देखकर सभी अतिथि गद्गद हो उठे और खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस तरह घाघरा प्रखंड में खेलो झारखंड की शुरूआत उत्साहजनक रही।

## शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय, निर्मल अध्यक्ष और रमेश सचिव बने



निर्मल गोयल और रमेश कुमार।

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर स्थित श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण एवं पूजा समिति के गठन को लेकर पिछले दिनों आयोजित आम बैठक में गतिरोध उत्पन्न हो गया था। जिसके बाद पुनः वृहस्पतिवार को निर्मल कुमार गोयल की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में सनातन धर्मावलंबियों ने मंदिर पुनर्निर्माण संबंधी निर्णयों को निरस्त कर दिया। साथ ही पूर्व में गठित मंदिर पुनर्निर्माण समिति को क्रियाशील रखने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात कोषाध्यक्ष द्वारा पिछले वर्ष के आमद एवं खर्च के प्रस्तुत किये गये व्यौरा को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए पूजा संचालन के लिए पदाधिकारियों का चयन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष विश्वनाथ पांडेय व अवधेश गोप, सचिव रमेश कुमार ३चीनी, सह-सचिव रामनिवास प्रसाद व सानु साहु, कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्र ३सुमनर३ को चयनित किया गया। विशेष सहयोगियों में संजीव उर्वशी, विनोद केसरी, ओम प्रकाश साहु, सुरेश मंत्री , भूपन साहु एवं रुपेस भगत के नामों पर मुहर लगायी गयी। इसके अतिरिक्त 31 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया ।बैठक में धन्यवाद ज्ञापन सचिव रमेश कुमार चीनी के द्वारा किया गया। बैठक में काफी संख्या में नगर के सनातन धर्मावलंबी उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष निर्मल गोयल ने कहा कि शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा शहर में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। इसके लिए समिति का गठन हो चुका है। शहर वासियों से सहयोग की अपील है। नवनिर्वाचित सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि मां दुर्गे जिसे चाहती हैं उसकी सेवा लेती हैं। यह उनका सौभाग्य है, किइस वर्ष भी मां ने उन्हें सनातनियों की सेवा का अवसर दिया है। वह मां द्वारा दिए गये दायित्वों के निर्वाह करने का प्रयास करेंगे।

## एलआरडीसी ने भरनो प्रखंड का किया निरीक्षण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के वरीय अधिकारियों द्वारा सतत क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) राजीव कुमार ने आज भरनो प्रखंड का दौरा किया और विभिन्न योजनाओं एवं संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, पंचायत भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान, अबुआ आवास योजना तथा मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने अधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। राजीव कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और बच्चों की उपस्थिति की स्थिति की जांच की। पंचायत भवन में योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पीडीएस दुकानों में लाभुकों को समय पर और सही मात्रा में अनाज वितरण सुनिश्चित करने पर बल दिया। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। मनरेगा योजनाओं का भी स्थल निरीक्षण किया गया तथा मजदूरों को समय पर भुगतान करने का निर्देश दिया गया।


समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

In reference to the Tender **(PR no.- 359708)** Reference No.- 279, Dated: 18.08.2025, Request for Proposal for **"selection of Agency for Supply Installation Testing and Commissioning of Kitchen Equipment as Modular Kitchen at KGBV Manika Residential School of District Latehar"** certain amendments enclosed as.

**Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI<br>The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary.<br>In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship)<br>• Registration Certificate<br>• Goods and Service Tax Registration<br>• PAN card of the Organization.<br>• GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

**All terms and conditions mention in tender document will remain the same.**

PR 360138 (Planning and Development) 25-26 (D)

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार।



समाहरणालय, लातेहार
(योजना शाखा)

शुद्धि पत्र

In reference to the Tender **(PR no.- 359476)** Reference No.- 260, Dated: 13.08.2025, Request for Proposal for **"selection of Agency for Supply Installation Testing and Commissioning of Kitchen Equipment as Modular Kitchen at KGBV Latehar Residential School of District Latehar"** certain amendments enclosed as.

**Clause No. – 07 of Eligibility Criteria:- S. No – 01 and 06.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Bidders' Registration | The bidder must be registered under the Companies Act/Cooperative Act/Society Registration Act/ Partnership Firm Act/Any other registration act under GoI<br>The Bidder should be an entity registered under relevant laws in India. If a foreign manufacturer participates, then bid must be submitted through its 100% Indian subsidiary.<br>In case of JV/Consortium both the partners must be registered entities in India. Both the partners must submit their registration certificates. | • Certificate of Incorporation/PAN (In Case of Proprietorship)<br>• Registration Certificate<br>• Goods and Service Tax Registration<br>• PAN card of the Organization.<br>• GST return certificate of April 2025, May 2025, June 2025 and July 2025 |
| 06 | Quality Assurance | Bidder / any one of the members of the consortium must have Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) | Accreditation from (National Accreditation Board for Certification Bodies) & IAF (International Accreditation Forum) Certified Quality Management Systems (QMS) |

**All terms and conditions mention in tender document will remain the same.**

PR 360136 Planning and Development(25-26)#D

जिला योजना पदाधिकारी,
लातेहार

# जनता दरबार में 22 आवेदन मिले कई मामलों का तुरंत निष्पादन




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने दूर दराज से पहुंचे कई फरियादियों के मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराया। इस दौरान अबुआ आवास, स्वास्थ्य, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बीएसएल क्षेत्र से संबंधित शिकायतें, चौकीदार नियुक्ति एवं अन्य सभी आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों को सुना गया और मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन भी किया गया। जनता दरबार में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। उक्त सभी आवेदनों पर सुनवाई करते हुए अधिकांश शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों के आवेदन को संबंधित विभागों को शीघ्र निष्पादन हेतु भेजा गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# एग्रीमेंट पर फ्लैट की खरीद बिक्री की गहन जांच होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** निबंधन विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त को बताया गया की कई मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में फ्लैट की खरीद बिक्री निबंधित एग्रीमेंट पर हो रही है। जबकि उसकी रजिस्ट्री होनी चाहिए। उपायुक्त ने एग्रीमेंट पर फ्लैट की खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए सभी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग की गहनता से जांच करने तथा निबंधन विभाग को 4 साल 11 माह पुराने एग्रीमेंट, जिसकी वैधता समाप्त हो चुकी है, की जांच कर उसे रद्द करने का निर्देश दिया।

साथ ही वैसे बिल्डिंग जिनका नक्शा स्वीकृत है और निर्माण की अवधि पूरी हो गई है, उनको फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस देने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि फ्लैट या अन्य संपत्ति की रजिस्ट्री नहीं होने से राज्य सरकार को राजस्व की भारी हानि होती है।

वहीं कृषि बाजार की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बाजार प्रांगण में स्थित दुकान एवं गोदाम की संख्या तथा उससे हर महीने मिलने वाले किराया के संबंध में पूछताछ की। उपायुक्त ने कृषि बाजार के पणन सचिव को नयी दुकानों और गोदाम के निर्माण एवं रेंट रिवीजन का प्रस्ताव देने का निर्देश दिया।

नीलमपत्र की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बड़े बकायेदारों के विरुद्ध बॉडी वारंट निर्गत करने और 10 सबसे अधिक बकाया रखने वालों की सूची देने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जीएसटी, परिवहन, नगर निगम, खनन, स्वच्छता प्रमंडल, उत्पाद, वाणिज्य कर, वन सहित अन्य विभागों के राजस्व संग्रहण की समीक्षा की।

जिन विभागों ने लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली हासिल की उन्हें प्रगति लाने तथा शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन विभागों ने लक्ष्य से अधिक राजस्व की वसूली की उनकी सराहना की।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, कृषि बाजार के पणन सचिव बिपुल कुमार सिंह, पीएचइडी 1 के कार्यपालक अभियंता रंजीत कुमार, आईटी मैनेजर रूपेश कुमार मिश्रा के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बड्स गार्डेन स्कूल में एनसीसी कैंप का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजगंज।** दलूडीह स्थित बड्स गार्डेन स्कूल में 18 अगस्त से 27 अगस्त तक 5 झारखंड बटालियन एनसीसी यूनिट, धनबाद द्वारा 10 दिवसीय एनसीसी कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसमें धनबाद, दुमका, देवघर, गिरिडीह, साहिबगंज, जामताड़ा समेत कई जिलों के लगभग 550 कैडेट्स भाग ले रहे हैं, जिनमें करीब 450 गर्ल्स कैडेट्स शामिल हैं। कैंप का नेतृत्व कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कुमार रंजीत कर रहे हैं, जबकि विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद चौरसिया मुख्य सहयोगी हैं। प्रशिक्षण में सूबेदार राजेंद्र प्रसाद सैनी, भवानी सिंह, जगदीप सिंह सहित कई अधिकारी योगदान दे रहे हैं। कैंप में प्रतिदिन व्यायाम, योग, खेलकूद, शूटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आपदा प्रबंधन जैसी गतिविधियां करायी जा रही हैं। विशेष प्रशिक्षण के तहत अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने की तकनीक सिखाई, वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण और ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किया गया। लगभग 550 कैडेट्स और 50 प्रशिक्षकों के लिए आवासीय व्यवस्था की गयी है। समापन समारोह में उत्कृष्ट कैडेट्स को सम्मानित किया जायेगा और 2023 बैच के कैडेट्स को प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे।

# टू-टैंक गार्डन को धरना स्थल के रूप में चिन्हित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विभिन्न संगठनों एवं संघों की ओर से की जाने वाली धरना प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों के लिए बीएसएल प्रबंधन ने एक निश्चित जगह चिन्हित किया है। ऐसे कार्यक्रमों के लिए प्रबंधन की ओर से टू-टैंक गार्डन को धरना स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है। इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढांडा ने भी एक आदेश निर्गत करते हुए इस धरना प्रदर्शन स्थल की जानकारी सार्वजनिक करने हेतु आवश्यक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि बीएसएल प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गई है कि टाउनशिप सर्विस स्टेशन, गरगा डैम, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं ऐसे ही अन्य स्थल के आसपास के क्षेत्र संरक्षित स्थान घोषित हैं। प्रदर्शनकारियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से बीएसएल प्रबंधन द्वारा टू-टैंक गार्डन को धरना प्रदर्शन स्थल के रूप में चिन्हित किया गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया में बेटियों के जन्म पर बांटी खुशियां

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** जिला समाज कल्याण विभाग के आदेश पर बाल विकास परियोजना के तहत शुक्रवार को 'बधाई हो, बेटी हुई है' कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोमिया के मातृझशिशु वार्ड में आयोजित किया गया। मौके पर गोमिया के बीडीओ महादेव महतो, अंचल अधिकारी सह सीडीपीओ मो. आफताब आलम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बलराम मुखी एवं महिला पर्यवेक्षिका समेत अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने नवजात बेटियों के अभिभावकों को क्रमवार उनके घर बेटी होने की उन्हें बधाई दी। बेटी के जन्म की इस खुशी को साझा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अभिभावकों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इसके साथ ही, प्रसव के पश्चात आवश्यक मेडिकल कीट और बच्चों से संबंधित किट प्रदान किये गये। कार्यक्रम में गोमिया के अंचल अधिकारी एवं बीडीओ ने संयुक्त रूप से कहा कि बेटी के जन्म को बोझ नहीं समझे, अपने आपको सौभाग्य समझें। अब जमाना बदल गया है, बेटियों के जन्म को खुशी और उल्लास से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में मानसिक स्तर पर बेटियों को लेकर समानता का भाव नहीं आयेगा, तब तक बदलाव संभव नहीं है। अधिकारीद्वय ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि समाज में बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा जैसे सभी क्षेत्रों में समान अवसर दें। साथ ही, अपने आस पास बेटियों के जन्म पर उनके अभिभावकों को बधाई दें तथा मिठाई खिलाएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' जैसे कार्यक्रम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का ही एक माध्यम है। यह आवश्यक है कि अभिभावक अपनी बेटियों को आगे बढ़ने की पूरी आजादी दें और उनको प्रोत्साहित करें। मौके पर कई चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासनिक पदाधिकारी एवं परिजन उपस्थित थे।

# जेएमएम प्रतिनिधिमंडल ने सीओ और बीडीओ को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**महुदा/ बाघमारा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) बाघमारा प्रखंड समिति का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से औपचारिक मुलाकात कर सम्मानित किया। प्रतिनिधियों ने दोनों अधिकारियों को बुके और झारखंडी प्रतीक अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान प्रखंड की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला संगठन सचिव मनोज रवानी, प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार रवानी, सचिव मनसा राम मुर्मु, उपाध्यक्ष बासुकीनाथ त्रिगुणायत, सह सचिव सज्जाद अंसारी, टेकलाल गोप, राजू प्रामाणिक, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार दिनकर, टुंडी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, प्रवक्ता बैजनाथ रवानी समेत मंजूर अंसारी, सुधांशु पांडेय, अमीर खान, वकील अंसारी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्यपाल से मिला अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव कुमार हरि के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज झारखंड के माननीय राज्यपाल से राजभवन में मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय अध्यक्ष अशोक राम, धनबाद जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार हरि, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास कुमार हरि और रामगढ़ से युवा नेता अमित कुमार हरि शामिल थे। यह मुलाकात 7 अगस्त को राजभवन के समक्ष आयोजित हाड़ी अधिकार महाधरना से संबंधित 13 सूत्री मांगों को लेकर हुई। महाधरना के दौरान राज्यपाल महोदय से मुलाकात के लिए समय मांगा गया था, जिसके आलोक में आज प्रतिनिधिमंडल को बुलाया गया था। प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव कुमार हरि ने राज्यपाल महोदय का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने विस्तारपूर्वक 13 सूत्री मांगों को राज्यपाल के समक्ष रखा और समाज तथा राज्य में हाड़ी जाति के लोगों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए, इस समुदाय के उत्थान और अधिकारों के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर जोर दिया। मुलाकात के बाद, राज्यपाल ने अखिल भारतीय हाड़ी संघर्ष मोर्चा के कार्यों की सराहना की और उनकी मांगों को जायज बताया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे हाड़ी जाति से जुड़ी सभी समस्याओं और मांगों को आज ही मुख्यमंत्री को मांग पत्र के साथ अग्रसारित करेंगे।

# बोकारो जिला की 75 खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती

**बोकारो जिले से राज्य सरकार को 125 करोड़ रुपये से अधिक उत्पाद राजस्व की होगी प्राप्ति : सहायक उत्पाद आयुक्त**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो जिले से राज्य सरकार को 125 करोड़ 13 लाख 46 हजार रुपये से ज्यादा उत्पाद राजस्व की प्राप्ति होगी। इस राजस्व की प्राप्ति चालू वित्तीय वर्ष में 01 सितंबर से 31मार्च तक के अंतराल में होगी। इस आशय की जानकारी सहायक आयुक्त उत्पाद उमा शंकर सिंह ने दी। शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्त्ता मो मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में जिला की कुल 75 खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोबस्ती कुल 33 समूहों में इ-लॉटरी के माध्यम से ऑनलाइन विधि द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष-2025-26 की शेष अवधि के लिए सम्पन्न करायी गयी। मौके पर सहायक आयुक्त उत्पाद उमा शंकर सिंह, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धरंजय कुमार सहित सभी अधिनस्थ उत्पाद पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति थे। इस मौके पर सहायक आयुक्त उत्पाद ने बताया कि उक्त बंदोबस्ती प्रक्रिया में कुल 546 आवेदक सम्मिलित हुए। जिसमें कुल 75 खुदरा उत्पाद दुकान आवंटित की गयी। इनसे राज्य सरकार को कुल एक अरब 25 करोड़ 13 लाख 46 हजार 59 रुपये से अधिक उत्पाद राजस्व की प्राप्ति होगी। यह खुदरा उत्पाद दुकानों की बंदोबस्ती माह 01 सितम्बर 2025 से 31 मार्च 2026 तक के लिए की गयी है।

# दो दिवसीय अखंड कीर्तन और शिव चर्चा का समापन

**कार्यक्रम मे शामिल हुए सांसद ढुल्लु महतो,जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, पूर्व एसडीएम सुरेन्द्र कुमार, कुम्भ नाथ सिंह समेत कई समाज सेवी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झरिया/ जोड़ापोखर।** दो दिवसीय महाअखंड कीर्तन शिव चर्चा, भव्य जागरण के आयोजन अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी किन्नर के आवास पर यह कार्यक्रम समाप्त हुआ, कार्यक्रम मे लगातार दो दिनों तक भव्य भंडारा का भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, लातेहार के डीटीओ सुरेन्द्र कुमार, समाज सेवी कुम्भ नाथ सिंह, योगेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि बॉबी पाण्डेय, उदय प्रताप सिंह, दिलीप सिंह, पार्षद चन्दन महतो, पिंकी गुप्ता, गौतम मंडल आदि लोगो ने भाग लिया और माता छम छम देवी किन्नर से आशीर्वाद लिए और माता छम छम देवी ने सभी को मंगल कामना का आशीर्वाद दी। माता छम छम देवी ने बताया कि यह आयोजन 11 वर्षों से मैं कर रही हूं इसका मुख्य उद्देश्य हमारे हमारे जजमानों के घरों में खुशियां आए और हमारे देश की सीमा पर लड़ रहे जवानों को हौसला बढ़े यही कामना के साथ यह आयोजन को करते हैं और भंडारा करते हैं जिसमें लगभग हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं।अखंड कीर्तन मे मुख्य जजमान श्वेता किन्नर थी। इस मौके पर भाग लेने आये धनबाद के सांसद ढुल्लु महतो ने कहा की किन्नरों के द्वारा आयोजित ये अखंड संकीर्तन बहुत ही इतिहासिक हों रहा है मैंने पहली बार माता छम छम देवी के ये भव्य कार्यक्रम मे शामिल होने का मौका मिला और मै बहुत भाग्यसाली हूं, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा की हमारा माता छम छम देवी से अच्छा लगाव है और उनका आशीर्वाद मिलता रहा है वो एक देवी के रूप है। धनबाद के पूर्व एसडीएम सुरेन्द्र कुमार ने भी बताया की ऐसा आयोजन मैंने पहली बार देखने को मिला किन्नरों के द्वारा ये भव्य कार्यक्रम की जितनी भी प्रशांसा की जाय कम होंगी छम छम माता का आशीर्वाद हमेशा मिलता है।


## समाहरणालय, सिमडेगा
## (आपूर्ति शाखा)

**।। नोटिस ।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला अन्तर्गत NFSA (लाल कार्ड एवं पीला कार्ड) एवं JSFSS (ग्रीन कार्ड) योजना से आच्छादित निम्न राशन कार्ड के लाभुकों द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया जा रहा है और न ही e-KYC किया जा रहा है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | विगत 06 माह, 12 माह, 3 वर्ष एवं 5 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं करने वाले राशन कार्ड की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बानो | 782 |
| 2 | बासंजोर | 166 |
| 3 | बोलबा | 365 |
| 4 | जलडेगा | 503 |
| 5 | केरसई | 398 |
| 6 | कोलेबिरा | 864 |
| 7 | कुरडेग | 447 |
| 8 | पाकरटांड़ | 340 |
| 9 | सिमडेगा (ग्रामीण क्षेत्र) | 488 |
| 10 | ठेठईटांगर | 813 |
| 11 | सिमडेगा (शहरी क्षेत्र) | 183 |
| | कुल | 5349 |

**"झारखण्ड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश–2024"** की कंडिका **6(X) (ग)** में उल्लेखित है कि यदि राशन कार्डधारी द्वारा लगातार छः माह से अधिक अवधि से जन वितरण प्रणाली दुकान से सरकार द्वारा प्रदत्त किसी भी प्रकार की सामग्री का उठाव नहीं किया गया हो तो जाँचोपरांत उनके राशन कार्ड का रद्दीकरण कार्य किया जायेगा।

सिमडेगा जिलान्तर्गत वैसे राशन कार्डधारी जिनके द्वारा विगत 06 माह, 12 माह, 3 वर्ष एवं 05 वर्ष से अधिक अवधि से खाद्यान्न इत्यादि का उठाव नहीं किया गया है और न ही e-KYC किये है। **वैसे राशन कार्डधारी दिनांक–05.09.2025 तक अनिवार्य रूप से संबंधित जन वितरण प्रणाली दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव कर e-KYC कराना सुनिश्चित करेंगे।** अन्यथा यह माना जायेगा कि आपको खाद्यान्न उठाव में किसी प्रकार की कोई रूची नहीं है तथा आप राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते है। तदोपरान्त राशन उठाव नहीं करने वाले एवं e-KYC नहीं करने वाले लाभुकों का राशन कार्ड रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 360141 Simdega(25-26)#D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–45/2025–26

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 09.09.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 10.09.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.09.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of CD Type Qtr. No. -89 (S.F) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 6,86,600.00 | 1250.00 | 14000.00 | 1½ Months |
| 2 | Fixing G.I Sheet Shed in B Type Qtr. No. -3, Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,30,700.00 | 750.00 | 7000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of "B" Type Qtr. No. -409 (G. Fl.) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 4,91,200.00 | 750.00 | 10000.00 | 1 Month |
| 4 | Renovation of "B" Type Qtr. No. -112 (F.F) in Sector -2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 3,98,500.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of "B" Type Qtr. No. -2198 (G. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 4,15,300.00 | 750.00 | 8500.00 | 1 Month |

नोट : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 360190 Building (25-26)_D

# बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है: नरेंद्र मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार के बाद बंगाल के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले कोलकाता मेट्रो के तीन नये रूट का शुभारंभ किया और इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने राज्य की टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम सीधे राज्य सरकार को भेजते हैं, उसमें से ज्यादातर हिस्सा लूट लिया जाता है। वो पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है। यही वजह है कि गरीब कल्याण की कई योजनाओं में बंगाल देश के दूसरे राज्यों से पीछे है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा, राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराध और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गये हैं। जब तक राज्य में टीएमसी सत्ता में है, तब तक कोई विकास नहीं होगा। असली बदलाव तभी आयेगा, जब टीएमसी सत्ता से बाहर हो जायेगी। अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को सत्ता में नहीं, बल्कि जेल में होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल जनसंख्या की दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है। इसलिए जब तक पश्चिम बंगाल की ताकत नहीं बढ़ेगी, विकसित भारत की यात्रा सफल नहीं होगी, क्योंकि भाजपा का दृढ़ विश्वास है, भाजपा का मानना है कि बंगाल के उत्थान से ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। इसलिए पिछले 11 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए हरसंभव मदद की है। पीएम मोदी ने कहा, आज पश्चिम बंगाल को नयी रोशनी की जरूरत है। उसे सच्चे परिवर्तन की जरूरत है। आजादी के बाद पश्चिम बंगाल ने पहले कांग्रेस और फिर वामपंथ का लंबा दौर देखा है। इसके बाद 15 साल पहले, पश्चिम बंगाल के लोगों ने परिवर्तन का फैसला किया और मां, माटी, मानुष के नारे पर विश्वास किया, लेकिन स्थिति पहले से भी बदतर हो गयी है। बहन-बेटियों पर अत्याचार, अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ गया है। जब तक बंगाल में टीएमसी की सरकार रहेगी, बंगाल का विकास बाधित रहेगा। पीएम ने कहा, भाजपा जो संकल्प लेती है, वह सिद्ध करके दिखाती है। इसका ताजा प्रमाण हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, इस बार लाल किले से मैंने घुसपैठ के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की। पश्चिम बंगाल, कोलकाता के लोग समय से आगे की सोचते हैं। इसलिए आपके बीच मैं लगातार इस राष्ट्रीय चुनौती पर चर्चा करता रहा हूं। आजकल आप देखते हैं कि जिन देशों को विकसित कहा जाता है, वहां घुसपैठियों के खिलाफ मुहिम चल रही है। हमारा देश अब घुसपैठियों को ज्यादा नहीं झेल सकता।

**बना कानून : बिल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मिली मंजूरी**

# ऑनलाइन गेमिंग का खेल खत्म

- जेल और एक करोड़ जुर्माने का है प्रावधान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग के संवर्धन और विनियमन विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसे एक दिन पहले राज्यसभा ने पारित किया था। यह कानून सभी ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाता है और सुविधा प्रदान करने वालों के लिए तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान करता है। ऐसे प्लेटफॉर्म का विज्ञापन करने पर दो साल तक की सजा और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उच्च सदन ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 को 26 मिनट में पारित कर दिया। इससे एक दिन पहले लोकसभा ने प्रक्रियागत चिंताओं को लेकर विपक्ष के विरोध के बीच इसे सात मिनट में पारित कर दिया था।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बताया कि लोग ऑनलाइन मनी गेमिंग में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी गंवा रहे हैं। वैष्णव ने राज्यसभा में कहा कि समय-समय पर समाज सामाजिक बुराइयों से जूझता है। ऐसे में सरकार और संसद का यह कर्तव्य है कि वह इनकी जांच करे और इन्हें नियंत्रित करने के लिए कानून बनाये। मंत्री ने कहा, जब समाज और सरकार के राजस्व के बारे में चिंता करनी होती है, तो इन दोनों के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा मध्यम वर्गीय परिवार (के कल्याण) को ही चुना है, हमेशा समाज के फायदे को ही चुना है, कभी इससे समझौता नहीं किया है। और इस विधेयक में भी समाज के कल्याण को प्राथमिकता दी गयी है। उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग का हवाला देते हुए कहा, समाज में जो एक बहुत बड़ी बुराई आ रही है, उससे बचने के लिए यह विधेयक लाया गया है।

विधेयक में ऑनलाइन मनी गेमिंग या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना या दोनों का प्रावधान करता है। ऑनलाइन मनी गेम में कोई व्यक्ति अधिक पैसा पाने की चाह में धन लगाकर खेलता है।

यह विधेयक सभी तरह की ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित करता है। इनमें पोकर, रमी जैसे गेम शामिल हैं।

# जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी ने की नक्सलवाद की मदद: अमित शाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोच्चि।** उप राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज हो गयी है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता, तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। उन्होंने शुक्रवार को कोच्चि में एक मीडिया समूह के आयोजन में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उप राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गयी है। अमित शाह ने कहा कि केरल ने नक्सलवाद का दंश झेला है। केरल की जनता निश्चित रूप से देखेगी कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया।

गृह मंत्री अमित शाह ने यहां अपने संबोधन में सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए विपक्षी उम्मीदवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जस्टिस सुदर्शन रेड्डी वह व्यक्ति हैं, जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित हैं।

बता दें कि दिसंबर 2011 में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस रेड्डी ने फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में इस्तेमाल करना, चाहे उन्हें कोया कमांडो कहा जाये, सलवा जुडूम कहा जाये या किसी और नाम से जाना जाये, गैरकानूनी और असंवैधानिक है। उन्होंने यह भी आदेश दिया था कि ऐसे आदिवासी युवकों को निरस्त्र किया जाये।

# पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने नाकामी स्वीकार की : राजनाथ

- भारत ने मेहनत से फरारी कार जैसी इकोनॉमी बनायी
- पाकिस्तान की हालात अब भी डंपर जैसी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर के 'भारत चमकती मर्सिडीज' वाले बयान पर जवाब दिया। राजनाथ ने कहा- मैं मुनीर के बयान को मजाक (ट्रोल) नहीं, बल्कि उनकी नाकामी स्वीकार करने वाला मानता हूं।

इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में राजनाथ सिंह ने कहा कि एक देश ने कड़ी मेहनत करके फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अब भी डंपर जैसी स्थिति में है तो यह उनकी नाकामी है। मैं आसिम मुनीर के बयान को एक कन्फेशन की तरह देखता हूं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मलबे से भरे डंप ट्रक जैसी है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर हम इस गंभीर चेतावनी के पीछे छिपे ऐतिहासिक संकेत पर ध्यान नहीं देंगे तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है। अगर हम इस पर ध्यान दें और इसके लिए तैयारी करें तो भारत ऐसी चेतावनियों का करारा जवाब देने में सक्षम है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। मुनीर ने कहा था- अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में उस लुटेरी मानसिकता की ओर इशारा किया है, जिसका पाकिस्तान जन्म से ही शिकार रहा है। हमें पाकिस्तानी सेना का यह भ्रम तोड़ना होगा।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लाल साहब ने की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो नेता और पूर्व प्रवक्ता आरके राय उर्फ लाल साहब ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गुरुजी के निधन पर शोक जताया और मुख्यमंत्री को ढांढस बंधाया। लाल साहब ने कहा कि गुरुजी झारखंड आंदोलन के पुरोधा थे। झारखंड के वजूद और जल, जंगल, जमीन की लड़ाई के लिए गुरुजी के योगदान को झारखंड हमेशा याद रखेगा। आदिवासियों और मूलवासियों के गुरुजी ने जो लड़ाई लड़ी थी, उसे आगे बढ़ाना है।

लाल साहब ने कहा कि गुरुजी के सपनों के झारखंड के निर्माण के लिए लोग जी-जान से जुट जायेंगे और उनके सपनों का झारखंड बनायेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी भावुक हो गये। वहीं पार्टी की आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गयी।

# सीइसी और उनके परिवार पर व्यक्तिगत हमलों की निंदा की

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** आइएएस अधिकारी संघ ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके परिवार पर हो रहे व्यक्तिगत हमलों की कड़ी निंदा की है। विपक्ष ने चुनाव आयुक्त पर कथित वोट चोरी का आरोप लगाया, जिसके बाद उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। कुमार ने इसी साल 19 फरवरी को 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला है। वह 1988 बैच के केरल कैडर के (सेवानिवृत्त) आइएएस अधिकारी हैं।
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**